वर्ष : 18 अंक: 120 ग्वालियर • रविवार 01 जून 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.

दैनिक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता




आज का तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 31 डिग्री

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम की रैली में बंगाल सरकार के खिलाफ चलाया 'दुर्भावनापूर्ण' अभियान: ममता

**कोलकाता, (ए.)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के बाद सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि राजनीति से प्रेरित होकर उनकी सरकार के खिलाफ एक ''दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान'' चलाया गया। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में गुरुवार को एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने मुर्शिदाबाद दंगों और शिक्षक भर्ती घोटाले का हवाला दिया और दावा किया कि राज्य के लोग ''निर्मम सरकार'' को हटाने के लिए बेताब हैं।

सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में राजनीति से प्रेरित होकर एक दुर्भावनापूर्ण और झूठा अभियान चलाया गया। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह एक ऐसा अभियान था, जिसके तहत अलीपुरद्वार जिले के लोगों के लिए हमारी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को कमतर बताने और मिटाने का प्रयास किया गया।

### पटना यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का आयोजन, राज्यपाल खान हुए शामिल

**पटना, (ए.)।** पटना यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को पटना महिला कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर पीयू के सत्र 2022-24 पीजी के छात्रों को डिग्री दी गई। वहीं, 40 टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। इसमें 25 विषयों में लड़कियों ने टॉप स्थान हासिल किया था। इस मौके पर सभी विद्यार्थी पारंपरिक पोशाक में मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मौजूद रहें। दीक्षांत समारोह को लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से विद्यार्थियों के लिए निर्देश जारी किया गया था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को किया संबोधित

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

- –नागरिक देवो भव: वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है : प्रधानमंत्री श्री मोदी
- –जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता का दिया ऋण है जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य
- –हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है
- –घर, नल से जल, बिजली, एलपीजी गैस जैसी सुविधाएं महिला–बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास
- –देवी अहिल्याबाई ने विकास के साथ विरासत को सहेजा था
- –देवी अहिल्या बाई के विकास के मॉडल में गरीबों और वंचितों को प्राथमिकता थी, वे राष्ट्र निर्माण के लिए परिवर्तन लाने वाली शासिका थी
- –सरकार हर क्षेत्र में बहनों को सशक्त कर रही



**भोपाल, (ए.)।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं। समाज में बड़ा परिवर्तन लाने वाली लोकमाता देवी अहिल्या को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवी अहिल्या के प्रेरक कथन ÷जो कुछ भी हमें मिला है वह जनता द्वारा दिया ऋण है- जिसे हमें चुकाना है÷ का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई के इन्हीं मूल्यों पर चलते हुए कार्य कर रही है, ÷नागरिक देवो भवः÷ वर्तमान में गवर्नेंस का मंत्र है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती, सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहे भागीरथी प्रयासों में अपना योगदान देने का अवसर है। देवी अहिल्याबाई का मानना था कि ÷जनता की सेवा और उनके जीवन में सुधार लाना ही शासन का उद्देश्य है÷, उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार वूमेन लेड डेवलपमेंट के विजन को विकास की धुरी बना रही है, सरकार की हर बड़ी योजना के केंद्र में माताएं- बहने -बेटियां हैं। देश में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाए जा चुके हैं और इनमें से अधिकतर घर माता -बहनों के नाम पर हैं, वे पहली बार घर की मालकिन बनी हैं। सरकार हर घर तक नल से जल पहुंचा रही है, माता-बहनों को असुविधा न हो और बेटियां पढ़ाई लिखाई में ध्यान दे सकें, इस उद्देश्य से बिजली, उज्जवला गैस भी उपलब्ध कराई गई हैं। यह सुविधाएं माता बहनों के सम्मान का विनम्र प्रयास है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर भोपाल में जम्बूरी मैदान पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही देवी अहिल्या पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा- हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण आवास योजना, ग्रामीण पर्यटन, कृषि आदि क्षेत्र में महिलाओं द्वारा की जा रही पहल और ग्रामीण व नगरीय निकायों में महिला प्रतिनिधित्व के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदर्शनी में प्रदेश में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, विभिन्न धार्मिक लोक के विकास सहित राज्य के अन्य विकासोन्मुखी नवाचारों का भी अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लोकमाता देवीअहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्याबाई होल्कर के जरी जरदोजी से बना चित्र भेंट कर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पगड़ी पहना कर तथा बैतूल जिले के भरेवा शिल्प से निर्मित पुष्पक विमान भेंट कर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन की प्रतीक प्रदेश की चार महिलाओं ने भी स्वागत किया। इस क्रम में जबलपुर में कैंसर रोगियों की देखरेख को समर्पित सुश्री ज्ञानेश्वरी देवी, पहली भारतीय कैनोइस्ट और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त सुश्री प्राची यादव ,ग्राम स्तर पर स्वच्छता और विकास कार्यों को समर्पित ग्राम तिरला-जिला धार की सरपंच श्रीमती आरती पटेल और महेश्वरी साड़ी निर्माण में लगी नागेश्वरी स्वयं सहायता समूह महेश्वर की सुश्री मीनाक्षी ठाकले ने स्वागत अभिवादन किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनजातीय कलाकार डॉ. जयमती कश्यप को देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर को समर्पित डाक टिकट और 300 रूपये का सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण तथा इंदौर मेट्रो का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश में 1271 नए अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) निर्माण के लिए प्रथम किस्त के अंतर्गत 483 करोड़ रुपए का वर्चुअल अंतरण भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंदौर मेट्रो की शुरुआत और दतिया व सतना के हवाई सेवा से जुड़ने से मध्यप्रदेश में सुविधाएं बढ़ेंगी, विकास को गति मिलेगी और रोजगार के




# मादक पदार्थो, नशीली दवाओं के नशे से होने वाले दुष्परिणाम की दी जानकारी

## तम्बाकू निषेध दिवस पर श्योपुर एवं विजयपुर में कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी क्रम में बम्हाकुमारी मेडीटेशन सेंटर द्वारा कॉलेज ग्रांउड तथा बायपास स्थित पार्क पर कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए मद्यपान तथा मादक पदार्थो, नशीली दवाओं एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणाम से समाज के युवाओं को अवगत कराया गया तथा नशामुक्ति के लिए आम नागरिकों को जागरूक किया गया। इसी प्रकार विजयपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विजयपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था प्रभारी बहन कुमारी शशि ने बताया कि विजयपुर कस्बे में गांधी चौक से मैन रोड पर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से नशा निषेध दिवस के बैनर लगाये गये तथा जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही अस्पताल चौराहे पर नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट श्री चंद्र प्रकाश शर्मा, श्री रामदयाल भाई, ममता बहन, श्री श्रीनिवास भाई, रामदेवी बहन, श्री पूरन रजक सहित कई ब्रह्माकुमारी भाई-बहन उपस्थित रहें। इसी प्रकार श्योपुर में बीके तारा बहन, डॉ गायत्री मित्तल, जिला खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह, खेल संघ से जुडे श्री राघवेंद्र सिंह जाट और स्थानीय शहरी और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शनी और रैली के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया गया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जेल में सहविधिक साक्षरता शिविर



**श्योपुर ब्यूरो।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला जेल श्योपुर में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस सहविधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री योगेश बंसल द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आयोजित किये जाने के उद्देश्य को वर्णित करते हुये तम्बाकू सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले विपरित प्रभावों के संबंध में बताया गया तथा इसके कारण होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारी पर प्रकाश डालते हुये तम्बाकू, गुटका का सेवन न करने हेतु बंदियों को समझाईश दी गई। साथ ही बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता योजना व बंदियों के विधिक अधिकारों से अवगत कराते हुये जेल में निरूद्ध बंदियों से उनके प्रकरणों में जमानत/अपील हेतु चर्चा की गई व जेल में स्थापित लीगल एडक्लीनिक के बारे में बताया गया। शिविर के दौरान श्री योगेश बंसल, जिला विधिक सहायता अधिकारी, श्री एनएस राणा जेल उपाधीक्षक, श्री माधौ खान डिप्टी चीफ लीगल एडडिफेंस कांउसिल, जेल स्टाफ व बंदीगण उपस्थित रहे।

# बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

## बिजली उपभोक्ता अब पेन कार्ड के जरिए भी करा सकेंगे ई-केवायसी

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है। उपभोक्ता अब उपाय के माध्यम से कंपनी के अधिकृत कर्मचारी की पहचान हेतु उससे कर्मचारी नंबर पूछकर उपाय एप के एम्पलाई वेरिफिकेशन फीचर के माध्यम से देख सकेंगे और अनधिकृत व्यक्ति तथा जालसाजों द्वारा बिजली कार्मिक बनकर किये जाने वाले धोखे से भी बच सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने कहा है कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाएं प्रदान करना कंपनी का प्राथमिक दायित्व है और इसी क्रम में कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए उपाय ऐप को अपग्रेड किया गया है। इससे उपभोक्ता अब आसानी से अपने बिजली बिलों के भुगतान के साथ ही कनेक्शन संबंधी अन्य सेवाओं जिनमें बिल भुगतान, नवीन कनेक्शन आवेदन, बिल कंप्लेंट, पॉवर कंप्लेंट, कंप्लेंट स्टेट्स, बिल कैल्कुलेटर, बिजली चोरी की सूचना (इनफॉर्मर स्कीम), नेट मीटरिंग (सोलर रूफटॉप), विजिलेंस बिल भुगतान, ई-केवायसी, स्मार्ट मीटर खपत विवरण जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उठा सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है वे गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप को डाउनलोड कर बिजली संबंधी सेवाओं का लाभ उठाएं।

# विशाल स्वैच्छिक रक्क्तदान शिविर 1 जून को थैलीसीमिया पीड़ितों की मदद के लिए नई पहल

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसाइटी श्योपुर के अध्यक्ष श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में रक्क्तदान जागरूकता अभियान को और अधिक गति के साथ आगे बढ़ाने एवं थेलिमिसिया रोगियों की मदद के लिए नई पहल शुरू करते हुए, मानवता की सेवा तथा सैनिको के सम्मान में अग्रणी स्वयं सेवी संस्थाओं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्क्तदान शिविर 1 जून 25 रविवार को प्रातः 9.30 बजे से पशु चिकित्सालय रोड स्थित विजय विलास रिसोर्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिको का सम्मान भी किया जायेगा। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव एवं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ आरबी गोयल ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि थैलीसीमिया रोगियों की जीवन रक्षा एवं जिला चिकित्सालय में आपात स्थितियों में रक्त की पूर्ति के लिए कोई भी ऐसा व्यक्ति रक्क्तदान कर सकता है जिसकी उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच है, जिसका रक्तचाप सामान्य है और वजन 45 किलोग्राम से अधिक है, जो हृदय रोग एवं लीवर रोग से ग्रसित नही है तथा मधुमेह के लिए इन्सुलिन नही लेते है, उन्होंने रक्क्तदान के संबंध में फैली अनावश्यक भ्रांतियों का निवारण करते हुए बताया कि, रक्क्तदान में मात्र 10 मिनट का समय लगता है, आपके शरीर में मौजूद 5 से 7 लीटर रक्त में से मात्र 300 एमएल रक्त निकलने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नही आती है। उन्होने बताया कि जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक से रक्त की आपूर्ति का आंकड़ा 5000 यूनिट सालाना पर पहुंच गया है, उन्होंने रक्त की मांग के अनुपात में रक्त की सतत उपलब्धता के लिए रक्क्तदान शिविरों के आयोजन की गति को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता बताई है। रक्क्तदान शिविर की आयोजक संस्थाओं के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने, रक्क्तदान जागरूकता अभियान के सभी सक्रिय संस्थाओं और ब्लड बैंक में रक्त की आपात आवश्यकताओं की पूर्ति के कार्य मे संलग्न युवा समाजसेवियों से रक्क्तदान शिविर की सफलता के लिए अधिक से अधिक सहयोग का अनुरोध किया है।

# उपभोक्ताओं को मिलेगा तीन महीने का एकमुश्त राशन

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में आगामी मानसून सीजन में संभावित बाढ़, जल भराव तथा अन्य कारणों से राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए उपभोक्ताओं को तीन महीने का राशन एकमुश्त रूप में दिया जायेगा। इसके लिए सभी राशन दुकानों पर तीन माह के मान से राशन की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। फूड आफिसर श्री सुनील शर्मा ने बताया कि एनएफएसए, पीएमजीकेएवाय के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 तक (तीन माह) का एकमुश्त खाद्यान्न वितरण किया जायेगा। श्योपुर जिले के समस्त पात्र हितग्राही माह जून 2025 के वितरण के समय माह जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 तक (तीन माह का) खाद्यान्न एकमुश्त अपनी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकानों से प्राप्त करें। खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट खाद्य कार्यालय श्योपुर एवं अनुविभाग स्तर पर सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# खेल संघो के पदाधिकारियों ने समर कैम्प पहुंच बढाया बच्चों का हौसला



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में गत 5 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 6 से 8 बजे तक आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान कॉलेज ग्राउंड एवं बायपास पार्क पर फुटबाल, कराते, खो-खो, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, टेबल टेनिस, व्हालीबाल, कबड्डी खेलो में कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल संघों से जुडे पदाधिकारी श्री राघवेन्द्र जाट, श्री देवी सिसौदिया, श्री आशीष चौहान, श्री विक्रम परिहार, श्री मनीष अरोरा, श्री रिंकू फौजी, श्री वासुदेव मिश्रा, श्री प्रशांत भदौरिया, श्री सोनू शर्मा ने आज समर कैम्प पहुंचकर बच्चों का न केवल हौसला बढाया, बल्कि खेल गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। इस अवसर पर खेल अधिकारी श्री अरूण सिंह चौहान मौजूद रहें।

# शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना है - प्रधानमंत्री

## मध्य प्रदेश के गौरवान्वित इतिहास में महिला शासिकाओं की अहम भूमिका रही है - मुख्यमंत्री

## दतिया के लिए आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा - प्रभारी मंत्री श्री कंषाना



**दतिया।** लोकमाता देवी अहिल्यावाई की 300वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बृहद महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिला शक्ति को समर्पित यह दिन महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके सपनों की उडान को भरता हुआ नजर आ रहा था। केन्द्र शासन और राज्य शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को उनकी पहलों के द्वारा महिला शक्ति को विभिन्न क्षेत्रों में दिनों दिन नए अवसर प्राप्त हो रहे है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए यह अवसर प्रेरणा से परीपूर्ण है। यह बात माननीय प्रधानमंत्री ने भारत की मातृ शक्ति को प्रणाम करते हुए अपने उदवोधन में कही। देवी अहिल्याबाई कहती थी कि शाासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना उनके जीवन में सुधार लाना है। आज महिलाऐं विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम कमा रही हैं और अपने कुशल नेतृत्व के साथ आसमान की बुंलिदयां छू रही हैं। लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण का सर्वोच्च उदाहरण रही है। जिन्होंने लोक कल्याणकारी कार्यो के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे भारत की संरक्षिका के साथ-साथ एक कुशल नेतृत्वकर्ता भी रहीं। उन्होंने प्रभु सेवा और जनसेवा को कभी अलग नहीं माना। उन्होंने गरीब से गरीब को समर्थ बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम किया। उन्होंने सुशासन का ऐसा मॉडल अपनाया जिसमें गरीब और बंचितों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी गई। आज उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर केन्द्र और राज्य सरकार सुशासन के नए अवसर लेकर आई है, जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को विभिन्न अवसर प्रदान किए जा रहे है। निश्चित ही मध्य प्रदेश में विकास की नई लहर दौड़ रही है। मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास में विभिन्न महिला शासिकाओं जैसे लोकमाता अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती, राजमाता सिंधिया जैसी शासिकाओं को अहम भूमिका रही है। उन्होंने देश और धर्म की रक्षाके लिए अपना पूरी जीवन समर्पित किया है। आज संपूर्ण मध्य प्रदेश लोकमाता देवी अहिल्याबाई 300वी जन्म जयंती मना रहा है। केन्द्र और राज्य सरकार ने महिलाओं को समर्पित विभिन्न कल्याणकारी योजनाऐं और पहले प्रदान की है। जिससे वे विभिन्न प्रकार के उद्यमों में जुड़कर क्षेत्र और अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर आत्मनिर्भर बनीं है। दतिया में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से दतिया नवनिर्मित एयरपोर्ट का हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया गया। दतिया के लिए यह दिन दीपावली से कम नहीं है। यह बात प्रभारी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने अपने उदवोधन में कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शित का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखंड जैसे क्षेत्र में दतियावासियों को एयरपोर्ट जैसी सौगात मिली है। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री और पूर्व गृहमंत्री को जाता है पीताम्बरा शक्तिपीठ को समर्पित इस धार्मिक नगरी की यात्रा और भी सुगम बनेगी। भारत सरकार के केन्द्रीय नागरिक उडडयन मंत्री श्री राममोहन नायडू ने दतियावासियों को एयरपोर्ट के लिए बधाई और शुभकामनाऐं दी। उन्होंने कहा कि यह दतियावासियों के लिए उमंग और उत्साह का दिन है। इस धार्मिक नगरी की पावन धरा पर पधारकर शांति एवं सकरात्मकता का अनुभव कर रहा हूँ। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जन्म जयंती का यह दिन महिला शक्ति को समर्पित है। मातृ शक्ति को सम्मान देने एवं नए अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत संकल्पित है। दतिया एवं सतना एयरपोर्ट, इंदोर मेट्रो का शुभारंभ एवं क्षिप्रा नदी पर घाट का शिलान्यास, अटल ग्राम सुशासन भवनों जैसी सौगात मध्य प्रदेश के विकास में नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा कि दतिया एयरापोर्ट का और भी विस्तार भविष्य में किया जाएगा। साथ ही भिण्ड में भी एयरपोर्ट की सुविधा भविष्य में निश्चित ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में एयर बस जैसी सुविधा, नाइट लेंडिंग कराने की व्यवस्था, एवं बडे प्लेन के उतरने की भविष्य में व्यवस्था की जाएगी और अंत में उन्होंने विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी बढाने के लिए समस्त युवाओं को सिविल एवियेशन क्षेत्र में जुडने का अनुरोध किया। जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा और आर्थिकी भी मजबूत होगी। भिण्ड-दतिया सासंद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नित नई सौगाते माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मिल रही है। अभी कुछ ही दिन पहले दतिया में वंदेभारत जैसी ट्रेन का स्टोपेज के साथ तीन नई ट्रेनों का हॉल्ट दतियावासियों को मिला है। कुछ ही दिनों बाद गोडवाना एक्सप्रेस का भी स्टोपेज मिलने वाला है आज दतियावासियों के लिए नवनिर्मित एयरपोर्ट की सौगात खुशी और उमंग का क्षण भरकर लाई है। उन्होनें अपने उदवोधन में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का आभार व्यक्त किया। आज का दिन दतियावासियों के लिए स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, यह बात पूर्वगृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कही है। आज दतिया नक्शा का भारत के नक्शे पर उतर जाएगा। उन्होनें इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दतिया जिले में मल्टीपार्किंग का निर्माण हो चाहे पीताम्बरा माई के मंदिर का सौन्द्रयीकरण हो, विभिन्न बड़ी ट्रेनों का स्टोपेज हो दतियावासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में का ही परिणाम है। उन्होनें दतियावासियों के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू से आग्रह किया कि दतिया एयरपोर्ट का नाम रावतपुरा सरकार के नाम से रखा जाए और फ्लाईट का नाम ऑपरेशन सिंदूर के नाम से रखा जाए। जो भारत शौर्य, वीरता एवं महिला शक्ति को समर्पित रहे। उन्होंने फ्लाइट की कनेक्टिटी के विस्तार की बात कही। दतिया फ्लाईट को दिल्ली और मुम्बई महानगरों से जोड़ा जाए। इसके उपरांत प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से दतिया हवाई यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई और दतिया से सात महिलाओं ने खजुराहों के लिए उड़ान भरी और महिला शक्ति का नेतृत्व किया। 60 करोड की लागत से बना यह एयरपोर्ट 124 एकड़ में फैला हुआ है। जिसका रनवे 1.81 किलोमीटर लंबा एवं 30 मीटर चौड़ा है। पार्किंग में लगभग 50 कारें रखी जा सकती है। चैक इन काउन्टर 2 है। यह एयरपोर्ट एटीआर 72 की क्षमता के लिए बनाया गया है। लेकिन अभी जो एयरक्राप्ट उतरेंगे वे 19 सीटर रहेंगे। हफ्ते में चार दिन एयरलाइन फ्लाई बिग की फ्लाइट रहेंगी। इस अवसर पर मंत्री श्री राकेश शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह कुशवाहा, सेवढा विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल, विधायक श्री रमेश खटीक, भिण्ड विधायक श्री नरेन्द्र कुशवाहा, लहार विधायक श्री अम्बरीश शर्मा, पूर्व विधायक श्री घनश्याम पिरोनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री धीरू दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष भिण्ड श्रीमती कामना सिंह भदौरिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री प्रशांत ढेगुला, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री बृजेश यादव, जिलाध्यक्ष भिण्ड श्री देवेन्द्र नरवरिया, ग्वालियर संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, ग्वालियर आईजी श्री अरविंद कुमार सक्सेना, सचिव श्री समीर कुमार सिन्हा, कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन, पुलिस अधीक्षक श्री बीरेन्द्र कुमार मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यशालाओं का आयोजन



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में आयोजित तम्बाकू निषेध कार्यशाला के दौरान डीपीएम डॉ हेंमत रावत ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों से आम नागरिकों को सचेत एवं जागरूक करने की आवश्यकता है। तम्बाकू के सेवन से फेफड़े का कैंसर, श्वसन तंत्र की बीमारी गर्भस्थ के समय धुम्रपान अथवा धूम्ररहित तम्बाकू के सेवन से शिशु को होने वाले दुष्प्रभाव अस्थमा, निमोनिया बार-बार श्वसन तंत्र का संक्रामण, ब्रोंकायटिस, आदि की संभावना रहती है, तम्बाकु निषेध दिवस को मनाने का प्रमुख उदेश्य आम लोगों में तम्बाकु के दुष्प्रभाव एव इससे होने वाले घातक रोगो की जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक करना है। इस अवसर पर डॉ हेंमत रावत द्वारा कार्यशाला में मौजूद स्वास्थ्य अमले को तम्बाकू के सेवन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के संबंध में शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रेमसर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ धर्मेन्द्र सिंह द्वारा तंबाकू निषेध दिवस की शपथ दिलाई एवं कहा कि सिगरेट के धुएं में 4000 कैमिकल रसायन होते हैं, जिनमें से 60 तत्व कैंसर रोग उत्पन्न करते हैं तंबाकू में मौजूद निकोटिन तत्व नशे का आदी बना देता है यह धूम्रपान के 7 सेकंड के अंदर मस्तिष्क में पहुंच जाता है और फेफड़ों और धमनियों में घुल जाता है तंबाकू के सेवन से शरीर के हर अंग को खतरा रहता है।

# भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्योपुर में ध्रूमपान निषेध आज की आवश्यकता विषय पर भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका सिंह, द्वितीय स्थान खदीजा अकरम, तृतीय स्थान जतिन शिवहरे ने प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता संचालन में डॉ सीमा चौकसे, श्री आसिफ कुरैशी तथा अन्य प्राध्यापको का सहयोग रहा। संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रेमचंद एक्का ने किया। धूम्रपान निषेध दिवस पर डॉ ओपी शर्मा ने बताया कि धूम्रपान से न केवल शरीर बल्कि मस्तिष्क को भी नुकसान होता है, इससे आर्थिक हानि भी होती है। वही डॉ सीमा चौकसे ने बताया कि धूम्रपान से गंभीर हृदय रोग और फेफड़े संबंधित बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। श्री प्रेमचंद एक्का ने युवाओं को धूम्रपान छोड़ने पर बल दिया वही बताया कि धूम्रपान छोड़ने से समय से पहले मृत्यु कि जोखिम कम कर सकते है तथा परिवार कि खुशहाली एवं समाज के विकास के लिए धूम्रपान को शीघ्र त्याग देना चाहिए। धूम्रपान छोड़ने से तनाव चिंता तथा अवसाद को दूर करने में मदद मिलती है, धूम्रपान निषेध से संबंधित शपथ का भी आयोजन किया गया।

# महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागृति हेतु ग्वालियर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर दिनांक 29 से 31 मई 2025 तक ''जनकल्याणी पर्व'' का आयोजन किया जा रहा है। आज दिनांक 31.05.2025 को जनकल्याणी पर्व पर पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभियान चलाया गया, इसी क्रम में ग्वालियर पुलिस द्वारा भी आज दिनांक 31.05.2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुमन गुर्जर एवं डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में महिला सेल तथा ऊर्जा डेस्क प्रभारियों द्वारा पुलिस बल के साथ ''जनकल्याणी पर्व'' लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के प्रति जनजागृति हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनजागरूकता अभियान का उद्देश्य समाज को सुरक्षित, सजग और समानता पर आधारित बनाना है, जो लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन मूल्यों से प्रेरित है। आज दिनांक 31.05.2025 को जनकल्याणी पर्व पर पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अभियान चलाया गया, इसी क्रम में ग्वालियर पुलिस की महिला सुरक्षा शाखा एवं महिला थाना पड़ाव जिला ग्वालियर द्वारा संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक रश्मि भदौरिया, उप निरीक्षक शैलजा सिंह, उप निरीक्षक प्रियंका दुबे, महिला आरक्षक दिव्या शर्मा, महिला आरक्षक रिंकल गुप्ता द्वारा केशव टावर ग्वालियर में कार्य करने वाली महिलाओं के समक्ष महिला सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के संबंध में शासन की योजनाओं तथा कानून के संबंध में जानकारी दी गई एवं हेल्पलाइन नंबर का प्रचार प्रसार किया गया और प्रचार पुस्तिका का वितरण किया गया तथा इटालियन गार्डन, गांधी प्राणी उद्यान एवं स्कूली संस्थान आदि तथा महिलाओं की भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में महिलाओं को होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया और महिलाओं से चर्चा भी की गई। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित ''जनकल्याणी पर्व'' के दौरान थाना विष्वविद्यालय से उप निरीक्षक षिखा दंडोतिया और झांसीरोड से रूबी भार्गव द्वारा विष्वविद्यालय क्षेत्र महलगांव में स्थित मल्टी में जाकर वहां महिलाओं व बच्चियों को उनके अधिकारों एवं कानून के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया और महिला हेल्प लाइन नम्बरों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उनकी समस्याओं के संबंध में भी महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा चर्चा की गई एवं उनका उचित समाधान प्रदान किया। इस अवसर पर जागरूकता संबंधी पम्पलेट भी वितरित किये गये। ग्वालियर पुलिस ''जनकल्याणी पर्व'' के अवसर पर थाना इन्दरगंज से उप निरीक्षक पायल शर्मा द्वारा महिला बल के साथ डीडी मॉल, फूलबाग में जाकर वहां उपस्थित महिलाओं तथा छात्राओं को उनके अधिकारों से अवगत कराते हुए नवीन कानून के संबंध में जानकारी दी गई और और छात्राओं को महिला हेल्पलाइन एवं बेटी की पेटी तथा 100 डायल के बारे में जानकारी दी और एसोसियेषन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम विष्व तम्बाकू निषेध दिवस पर इसके दुष्परिणामों से भी उपस्थित लोगों को बताया गया।

### मुरैना जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया

**मुरैना,कांस।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में साथी अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग मुरैना के समन्वय एवं सहयोग से शुक्रवार को मुरैना जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को ऐसे चिन्हित बच्चे जिनके आधार कार्ड नहीं बने है, उनके आधार कार्ड बनाये जाने के लिये यह अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह, लोक अदालत, मध्यस्थता आदि योजनाओं के बारे में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई द्वारा लोकहित में किए गए कार्य आज भी अनुकरणीय : सांसद श्री कुशवाह

**देवी अहिल्याबाई की 300वी जयंती पर बाल भवन में हुआ महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन**

**विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहीं महिलाओं का हुआ सम्मान**

**'शक्ति दीदी' पर केन्द्रि लघु फिल्म दिखाई गई, जिले में हुए इस नवाचार को मिली सराहना**




**ग्वालियर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वी जयंती पर ग्वालियर में सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का परचम लहरा रहीं जिले की 9 महिलाओं को इस आयोजन में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व सुशासन के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए जो हम सबके लिये आज भी प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। कार्यक्रम में ग्वालियर में महिला सशक्तिकरण की दिशा में हुए नवाचार ÷शक्ति दीदी÷ पर केन्द्रित लघु फिल्म भी दिखाई गई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये किए गए इस नवाचार की सभी अतिथियों ने खुलकर सराहना की। शनिवार को यहाँ बाल भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक श्री मोहन सिंह राठौर, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया व ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय मंचासीन थे। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि आज से 300 साल पहले लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने लोकहित में हर क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए थे। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला सशक्तिकरण के लिये क्रांतिकारी योजनायें बनाई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज मध्यप्रदेश की धरती पर लोकमाता अहिल्याबाई के सम्मान में डाक टिकिट व सिक्का जारी किया है। श्री कुशवाह ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के लिये नौकरियों के साथ-साथ नगरीय निकायों व पंचायत राज संस्थाओं में स्थान आरक्षित किए हैं। आगे चलकर विधायिका में भी महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं से आह्वान किया कि वे नवाचार करें और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें। विधायक श्री मोहन सिंह राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये प्रभावी कदम उठाए हैं। साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिलाया है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्श आज भी हम सबके लिये अनुकरणीय हैं। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने कहा कि देश में महिलायें अब हर क्षेत्र में सफलता के परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं का आह्वान किया कि अपनी बेटियों को खूब पढ़ाएं-लिखाएं, जिससे वे आगे बढ़ सकें। साथ ही कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के विचार व शासन प्रणाली हम सबको आज भी मार्गदर्शन प्रदान करती है। भाजपा जिला अध्यक्ष शहर श्री जयप्रकाश राजौरिया ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही आह्वान किया कि महिलायें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिये आगे आएं। आरंभ में सांसद श्री कुशवाह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ हुआ।

**प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य एवं राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथिगणों की मौजूदगी में भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का सीधा प्रसारण भी बाल भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुआ। सीधे प्रसारण के जरिए सभी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. यादव का उदबोधन सुना। साथ ही कार्यक्रम भी देखा।

**देवी अहिल्याबाई के जीवन पर केन्द्रित मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति भी हुई**

बाल भवन में आयोजित हुए जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में कथक कला निकेतन संस्था से जुड़ीं छात्राओं ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन पर केन्द्रित मनोहारी नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों व प्रतिभागियों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्तुति की सराहना की।

**इन महिलाओं का हुआ सम्मान**

जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहीं महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन महिलाओं में पर्यावरण प्रेमी श्रीमती मधु, कृष्ण कला केन्द्र संस्था की कलाकार श्रीमती मिली सक्सेना, फैशन ब्लॉगर व आर्ट क्राफ्ट आर्टिस्ट श्रीमती रानू नाहर, महिला राइडर सुश्री शबनम, राष्ट्रीय बॉक्सर सुश्री अंशिका तिवारी, राज्य स्तर पर सम्मानित स्वच्छ भारत अभियान की गायिका श्रीमती अंकिता कैलासिया, शक्ति दीदी सुश्री रानी शाक्य व रजनी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये सुश्री विमलेश को सम्मानित किया गया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विक्रान्त विश्वविधालय में लगा विधिक जागरुकता शिविर

**ग्वालियर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विक्रान्त विश्वविधालय मुरार में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशों के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ललित किशोर के मार्गदर्शन में आयोजित हुए शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को तम्बाकू के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। साथ ही एनडीपीएस कानून सहित तम्बाकू निषेध से संबंधित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इक्कीसवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) श्री नवनीत कुमार वालिया द्वारा शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि संविधान ने यह अधिकार दिया है कि हम सब स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें। वातावरण को दूषित होने से बचाने के लिए कानून बनाये गये हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध किया गया है, ताकि जनसाधारण को स्वच्छ वातावरण मुहैया हो सके। श्री बालिया ने कहा कि तम्बाकू के दुष्प्रभाव से आदमी गंभीर बीमारियों से घिर जाता है। नशे के कारण परिवार पूरी तरह तबाह हो जाते हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को एनडीपीएस कानून के बारे में भी जानकारी दी। वाइंस चांसलर विक्रान्त यूनिवर्सिटी श्री पी. एस. चौहान द्वारा अपने विश्वविधालय के इतिहास एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की। सेवानिवृत्त प्रधान जिला न्यायाधीश श्री जी. एस. दुबे ने भी विचार व्यक्त किए। सर्जिकल आन्कोलाजिस्ट डॉ. अमोल सिंघल ने तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों की विस्तृत जानकारी दी, साथ ही सभी से इसका सेवन न करने का आह्वान किया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जन जागरुकता के लिये निकाली गई रैली

**अनाधिकृत रूप से तम्बाकू बेचने वाले 27 दुकानदारों पर हुई कार्रवाई**



**ग्वालियर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर ग्वालियर में जागरूकता के लिये निकाली गई रैली । अनाधिकृत रूप से तम्बाकू बेचने वालों के विरूद्ध हुई चालान की कार्रवाई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर ग्वालियर जिले में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में तम्बाकू निषेध दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा 27 ऐसे दुकानदार जो अनाधिकृत रूप से अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं के आसपास तम्बाकू का विक्रय कर रहे थे, उनके विरूद्ध चालान की कार्रवाई कर 3720 रूपए की राशि वसूली गई। तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मुरार जिला चिकित्सालय परिसर में तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके साथ ही जन जागरूकता के लिये रैली निकाली गई। रैली को किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्री राजकुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ. आर के शर्मा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपाली माथुर ने हरी झण्डी दिखाई।

# बरसात में सहेजेंगे जल, वर्तमान में रोजगार दे रहे हैं खेत तालाब

**जिले में तेजी से आकार ले रहे हैं खेत तालाब, इस साल जिले में कुल 789 खेत तालाबों का होगा निर्माण**



**ग्वालियर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के गाँव-गाँव में तेजी के साथ किसानों के खेतों पर खेत तालाब आकार ले रहे हैं। सरकार द्वारा इस साल ग्वालियर जिले में 789 खेत तालाब बनाने का लक्ष्य दिया गया है, जो पिछले सालों से कहीं अधिक है। जिले की मुरार जनपद पंचायत के ग्राम ररूआ में श्रीमती शीला कुशवाह ने अपनी जमीन पर खेत तालाब का निर्माण कराया है। महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत मंजूर हुए इस तालाब से अब तक 25 श्रमिकों को 150 मानव दिवस का रोजगार मिल चुका है। इसी तरह अन्य गाँवों में कुल मिलाकर 849 किसानों के खेतों पर जल सहेजने के लिये खेत तालाब बनाने का काम शुरू हो चुका है और इनसे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। जिले की जनपद पंचायत घाटीगाँव में 163, मुरार में 195, डबरा में 204 एवं जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत 238 खेत तालाब के कार्य जारी हैं। खेत तालाबों की सिंचाई होगी। साथ ही जल स्तर बढ़ाने में भी ये तालाब मदद करेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाबों के निर्माण के साथ-साथ 794 डगवेल रीचार्ज के काम भी जिले में वर्तमान में चल रहे हैं। बड़े पैमाने पर एक ही स्थान पर जल सहेजने के लिये सरकार द्वारा इस साल जिले को 12 अमृत सरोवर का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक अमृत सरोवर में लगभग 10 हजार घन मीटर पानी का संग्रहण होगा। पिछले अनुभव बताते हैं कि जहाँ-जहाँ भी अमृत सरोवर बनाए गए हैं वहाँ पर भूजल स्तर में बड़ा इजाफा हुआ है। आसपास के सभी बोरवेल इससे स्वतः ही रीचार्ज हो जाते हैं।

# नशा समाज के लिये अभिशाप- देवकीनंदन सिंह, विश्व तंबाकू एवं धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन




**ग्वालियर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विश्व तंबाकू व धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन द्वारिकाधीश मंदिर ठाटीपुर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक एस.डी.एम. देवकीनंदन सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संयुक्त संचालक देवकीनंदन सिंह ने कहा कि नशा, समाज के लिये अभिशाप है। नशा, युवाओं को खोखला कर रहा है, युवाओं को नशे के दलदल से बचाना हम सभी का दायित्व है। सहायक संचालक शशांक विरेही ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू एवं तंबाकू से बने उत्पादों के सेवन से शरीर में कैंसर होने की संभावना कई गुना तक बढ़ जाती है। समग्र सुरक्षा अधिकारी श्रीमती पूर्वी अग्रवाल ने कहा कि नशा समाज में अमरबेल की तरह फल रहा हैं, इसका खात्मा सभी के सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। इस अवसर पर रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष हरिओम गौतम ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई हैं इस बुराई से हम सभी को मिलकर लड़ना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को संयुक्त संचालक देवकीनंदन सिंह ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई, तथा नशामुक्ति रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समाजसेवी हरिओम गौतम, राजकुमार आर्य, रामदास माहर, आकाशदीप खरे, हिमांशु माहर, दीपक श्रीवास्तव, श्रीमती प्रीति मिश्रा, सचिन गौतम सहित बड़ी संख्या समाजसेवी व वालियन्टर उपस्थित थे।

# फूलबाग गुरुद्वारा इंदरगंज चौराहे तक की सडक को किया साफ, मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग के तहत आयोजित कार्यक्रम



**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत फूलबाग गुरुद्वारा से इंदरगंज चौराहे तक अभियान चलाकर सडकों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत आज म्यूज फाउंडेशन एवं डिवाईन नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत फूलबाग गुरुद्वारा से इंदरगंज चौराहे तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया इसमें डिवाइडर्स और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया, रोड पर सभी दुकानदारों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा ना जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया, अपना शहर अपनी धरोहर क्षेत्र में कार्य करते हुए स्वच्छता का संकल्प लिया गया। टीम के द्वारा न केवल सार्वजनिक स्थलों की सफाई करवाई। वहाँ उपस्थित जनमानस को जागरूक करते हुए स्वच्छता का संकल्प भी दिलवाया गया। अभियान के दौरान कार्यपालन यंत्री पूर्व विधानसभा श्री श्रीकांत कांटे, नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल, सहायक नोडल अधिकारी श्री शैलेंद्र सक्सेना, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ करें कार्रवाई - ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**ऊर्जा मंत्री ने की बिजली ट्रिपिंग संबंधी समस्या की समीक्षा**




**भोपाल/ग्वालियर।** विद्युत वितरण कम्पनी के एसई, ईई, एई और डीई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विद्युत वितरण सिस्टम की समीक्षा करें। क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग की समीक्षा के दौरान दिये।श्री तोमर ने कहा कि हर अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के फोन जरूर सुने। फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आँधी और वर्षा के दौरान बिजली गुल होने पर त्वरित कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति शुरू करवायें। श्री तोमर ने कहा कि आवश्यकता अनुसार एफओसी की टीम बढ़ायें। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर में अधिक लोड के कारण बिजली गुल होने के साथ ही वह जल भी जाते हैं। इसके लिये जरूरी है कि सर्वे करवा कर उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायें। उन्होंने कहा कि कॉल-सेंटर की क्षमता में वृद्धि की जाये, जिससे उपभोक्ताओं को समस्या दर्ज कराने के लिये ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी सर्वश्री अनय द्विवेदी, क्षितिज सिंघल और अनूप सिंह ने विद्युत ट्रिपिंग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में की जा रही कार्यवाही के बारे में जानकारी दी।

# आरआरसी के प्रकरणों में करें प्रभारी कार्रवाई, अपर जिला दण्डाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर में विभिन्न विभागों की आरआरसी के विरूद्ध वसूली एवं रेरा की वसूली के संबंध में लंबित प्रकरणों की समीक्षा अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह ने शनिवार को की। बैठक में जिले के तहसीलदार उपस्थित थे। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह ने कहा है कि विभिन्न विभागों की आरआरसी में वसूली के जो प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं उनकी वसूली तत्परता से की जाए। इसके साथ ही जिन प्रकरणों में वसूली कर ली गई है उनका प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही रेरा की वसूली को भी प्राथमिकता से राजस्व अधिकारी करें। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने के लिये सभी संबंधित तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्र की वसूली का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए ताकि न्यायालय में शासन का प्रकरणों में सही जवाब प्रस्तुत हो सके।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में पुराने कुएं बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए किया श्रमदान




**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्राकृतिक जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने के लिए अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया गया। इसके तहत दशकों पुरानी बावड़ी, कुआं, तालाब तथा अन्य जल स्त्रोतों की सफाई का काम किया गया तथा इनके आस-पास जो गंदगी, गाजर घास तथा अतिक्रमण कर लिया गया था उसे दूर किया गया। इस अभियान का उद्देश्य है कि पानी के प्राकृतिक जल स्त्रोतों को फिर से उपयोग में लाया जाए, इसके लिए बरसात का जल इनमें सहेजने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान की शुरुआत जलविहार स्थित बावड़ी की सफाई कर पिछले शनिवार से हो चुकी है। जल गंगा संवर्धन अभियान को आगे बढ़ाने के लिए शनिवार सुबह म्यूज एवं डिवाइन संस्था नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग का अमला सेनापति हनुमान मंदिर बिरला नगर, थीम पार्क सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर माधव नगर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर गोले के मंदिर में पहुंचा। वहां स्थित कुंआ, बावड़ी सहित अन्य जल स्त्रोतों की सफाई करवाई गई। मैदानी जगहों पर सफाई कुछ इस तरह से की गई है कि जिससे वहां भरने वाला बरसात का पानी सीधे कुआं तथा बावड़ी तक पहुंच जाए। अभियान के नोडल अधिकारी मुकेश बंसल ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशन में नगर निगम ग्वालियर द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जनता भी शामिल हो सकती है या इस बात की जानकारी दे सकती है कि उनके क्षेत्र में कोई प्राकृतिक जल स्त्रोत है। हमारी टीमें वहां पहुंचेगी जल स्त्रोत की सफाई करने का काम कर रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान, बानमौर तालाब की बण्ड पर सफाई कार्य किया

**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीनस्थ जल संसाधन ए.बी.सी. उप संभाग क्र. 2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी श्री अंकित प्रताप सिंह, श्री सुरेश चन्द्र शर्मा उपयंत्री, श्री डी.के. गौड उपयंत्री, श्री आर.डी. मौय अमीन एवं श्री मुलायम सिंह तोमर, हेल्पर, श्री विनोद सिकरवार हेल्पर तथा श्री विभागीय मैदानी कर्मचारियों द्वारा 30 मई 2025 को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत बानमौर तालाब के बण्ड पर साफ-सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से कराया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों, विभागीय मैदानी कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक : 29.05.2025

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-17-25 | कार्य लागत लगभग : Rs. 3698963.64

कार्य का नाम : कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ इंटीग्रेटेड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम एट महोबा, टीकमगढ़ महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर एंड खजुराहो (प्लेटफार्म न 2 एंड 3) स्टेशनस ऑफ़ झाँसी डिवीज़न (फॉर पीरियड ऑफ़ थ्री इयर्स)।

धरोहर राशि : Rs. 74000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil

निविदा खुलने की तिथि : 24.06.2025 Time 15:00

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 36 माह

• निविदा दिनांक 24.06.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 944/25 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

झाँसी_एम_25_04 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक / यॉत्रिक, झॉसी, उत्तर मध्य रेल निर्धारित निविदा प्रारूप में निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाईन निविदायें (ई-टेण्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैं।

ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी_एम_25_04

कार्य का उसके स्थान सहित नामः 'झांसी मंडल के झाँसी, ग्वालियर एवं खजुराहो डिपो से चलने वाली नामित ट्रेनों में 156 सप्ताह (03 वर्ष) की अवधि के लिए ओबीएचएस का प्रावधान'।

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 13,53,45,842.73/- | धरोहर राशिः ₹ 8,26,700/-

कार्य समापन की अवधिः 03 वर्ष , निविदा बंद करने की तारीख एवं समय : 20.06.2025 बंद होने का समय 17:30 बजें।, • निविदा दिनांक 20.06.2025 को 17:30 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध कराया गया है। 952/25 (D)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल यॉंत्रिक इंजीनियर (डीजल), उत्तर मध्य रेल, झॉसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं. : झॉसी-एम-डीजल-डब्ल्यू0सी0-टी0-05-2025-26

कार्य का विवरण : डीजल लोको शेड झाँसी में 8 पहिया डीईटीसी टावर वैगन स0 18009 मेक-आईसीएफ चेन्नई 2018 (इंजन कमिंसः एनटीए 855 आर) के डीजल इंजन और संबंधित उपकरणों की आवधिक ओवरहालिंग।

निविदा मूल्य : रू0. 1,84,42,532.66/- | बयाना राशि : रू0 2,42,200/-

निविदा बंद होने की तिथि : 27.06.2025 | निविदा प्रपत्र कीमत : रू0. 0.00/-

समापन अवधि : 12 माह

● निविदाकार दिनांक 27.06.2025 को 15:00 बजे तक निविदा आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 938/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड श्योपुर ,(म0प्र0)**

दूरभाष कमांक 07530–222185 Email id:- eephed_sheopur@yahoo.com

**// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण के अपेण्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर ई–निविदायें On-line आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम– श्योपुर जिले के विकासखण्ड विजयपुर एवं कराहल के ग्राम धामिनी, रिझेंटा, अरोंदरी एवं निमोदामठ में जल जीवन मिशन के तहत नलजल योजना अन्तर्गत आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी एवं सम्पवेल निर्माण, एवं पाईप लाईन बिछाना, नलकूप में समर्सिबल मोटर पंप डालना एवं विद्युत लाईन स्थापित कर मोटरपंप को जोड़ना और पंप हाउस, पाईप लाईन समर्सिबल मोटरपंप कय कर डालना, घरेलू नल कनेक्शन आदि सामाग्री सहित 45 दिवस ट्रायल रन की निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क. | निविदा सूचना कमांक | टेंडर आई.डी. | ग्राम का नाम | कार्य की संख्या | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/2025–26 दि. 27.05.2025 | 2025_PHED _426959_1 | धामिनी | 01 | 66.30 | 66300 | 10000 | 04 माह |
| 2 | 23/2025–26 दि. 27.05.2025 | 2025_PHED _426970_1 | रिझेंटा | 01 | 28.00 | 50000 | 5000 | 03 माह |
| 3 | 24/2025–26 दि. 27.05.2025 | 2025_PHED _426988_1 | अरोंदरी | 01 | 31.58 | 50000 | 5000 | 03 माह |
| 4 | 25/2025–26 दि. 27.05.2025 | 2025_PHED _427002_1 | निमोदामठ | 01 | 20.75 | 41500 | 2000 | 03 माह |

बिड सबमिशन प्रारम्भ दिनांक– 05.06.2025 समय 10.00 बजे तक
बिड सबमिशन अंतिम दिनांक– 13.06.2025 समय 17.30 बजे तक
बिड खोलने का दिनांक– 16.06.2025 समय 13.00 बजे तक

नोट– यह निविदा का संक्षिप्त भाग है। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा वेब साइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। भविष्य में संभावित समस्त संशोधन उक्त वेब साइट पर प्रदर्शित किये जावेंगे। संशोधनों का पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-13642/25

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
खण्ड श्योपुर (म0प्र0)

## संपादकीय

# ईडी को फटकार

तमिलनाडु की खुदरा शराब कंपनी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच की ईडी की स्वतःस्फूर्त कार्रवाई पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ी टिप्पणी की और यहां तक कह डाला कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी सीमाएं पार कर रहा है और शासन की संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू से दो टूक कहा, प्रवर्तन निदेशालय सभी सीमाएं पार कर रहा है। धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की सख्त धाराओं के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कई पीठ पहले भी ईडी को जमकर फटकार लगा चुकी हैं। विपक्षी दल तो ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ अक्सर विरोध जताते ही रहते हैं। पीठ ने राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की दलीलों पर गौर करते हुए टीएएसएमएसी के खिलाफ जांच पर फिलहाल रोक लगा दी है। तमिलनाडु सरकार और टीएएसएमएसी का तर्क है कि शराब दुकानों के लाइसेंस देने में कथित अनियमितताओं को लेकर हम पहले ही आपराधिक कार्रवाई शुरू कर चुके हैं। 2014 से अब तक इस मामले में 41 प्राथमिकियां दर्ज की जा चुकी हैं और अब ईडी बीच में कूदकर टीएएसएमएसी पर ही छापेमारी कर रही है। इस पर पीठ ने फटकार लगाते हुए ईडी से तीखा सवाल किया कि आप राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी पर कैसे छापा मार सकते हैं। तमिलनाडु सरकार ने संवैधानिक अधिकारों और संघीय ढांचे के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अपनी याचिका में कानून के व्यापक प्रश्न उठाए हैं, जिनमें संघवाद का मुद्दा भी शामिल है। जिसमें ईडी अपने दायरे से बाहर जाकर और राज्य के अपराध की जांच करने के अधिकार को हड़पने का प्रयास कर रहा है। राज्य सरकार की दलील है कि टीएएसएमएसी को इन प्राथमिकी में से किसी में भी आरोपी नहीं बनाया गया है और कई मामलों में वह शिकायतकर्ता है। दरअसल, यह मामला राज्य और केंद्र सरकार के बीच काफी समय से चल रही चांदमारी का ही एक और नमूना है जिसमें ईडी तो कभी सीबीआई निशाने पर आते रहते हैं। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि इस शर्मनाक स्थिति से बचने के लिए ईडी अपनी कार्यपण्राली में बदलाव लाएगी।

# जाति आधारित जनगणना से बदल सकती है आरक्षण नीति

(संदीप सृजन-विनायक फीचर्स)



भारत में जाति आधारित जनगणना का मुद्दा लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक बहस का केंद्र रहा है। 1931 के बाद, भारत में व्यापक जाति जनगणना नहीं हुई है। 2011 की जनगणना में सामाजिक-आर्थिक और जाति सर्वेक्षण (SECC) किया गया था, लेकिन इसके आंकड़े पूरी तरह से सार्वजनिक नहीं किए गए। हाल ही में, केंद्र सरकार ने 2025 में होने वाली जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने की घोषणा की है। यह निर्णय सामाजिक न्याय और नीतिगत योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लिया गया है। जाति जनगणना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जाति की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, और शैक्षिक स्तर का सटीक डेटा एकत्र करना है। इससे सरकार को यह समझने में मदद मिलेगी कि कौन सी जातियां वास्तव में पिछड़ी हैं और किन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। क्रीमी लेयर और जाति जनगणना का संयुक्त प्रभाव भारत में ओबीसी आरक्षण नीति को नया आकार दे सकता है। यह प्रक्रिया कुछ प्रभावशाली ओबीसी जातियों के लिए चुनौतियां ला सकती है, जिन्हें ओबीसी सूची से बाहर करने या क्रीमी लेयर के कारण लाभ से वंचित करने का दबाव बढ़ सकता है। दूसरी ओर, यह उन अति पिछड़ी जातियों के लिए अवसर प्रदान कर सकता है जो अभी तक आरक्षण के लाभ से वंचित रही हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में कई चुनौतियां हैं, जिनमें आंकड़ों की विश्वसनीयता, राजनीतिक दुरुपयोग, और सामाजिक तनाव शामिल हैं। सरकार को इन चुनौतियों का सामना करने के लिए पारदर्शी और समावेशी नीतियां अपनानी होंगी। भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आरक्षण नीति एक महत्वपूर्ण उपकरण रही है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण, जो सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को समर्थन प्रदान करता है, 1991 में मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू किया गया था। हालांकि, हाल के वर्षों में, क्रीमी लेयर की अवधारणा और जाति आधारित जनगणना जैसे मुद्दों ने ओबीसी आरक्षण नीति पर गहरा प्रभाव डाला है। क्रीमी लेयर और प्रस्तावित जाति जनगणना कई ओबीसी जातियों को प्रभावित कर सकती है, जिसमें कुछ जातियों को ओबीसी सूची से बाहर करने की संभावना है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) भारत सरकार द्वारा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े समुदायों को वर्गीकृत करने के लिए उपयोग किया जाने वाला एक सामूहिक शब्द है। मंडल आयोग (1980) ने अनुमान लगाया था कि भारत की कुल आबादी का लगभग 52त्न हिस्सा ओबीसी समुदायों का है। ओबीसी को सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में 27त्न आरक्षण प्रदान किया जाता है। इस वर्ग के भीतर असमानता को दूर करने के लिए 'क्रीमी लेयर' की अवधारणा शुरू की गई। क्रीमी लेयर उन ओबीसी व्यक्तियों या परिवारों को संदर्भित करता है जो आर्थिक और सामाजिक रूप से अपेक्षाकृत समृद्ध हैं और इसलिए आरक्षण के लाभ के लिए प्राथमिकता के पात्र नहीं माने जाते। 1993 में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले में दिए गए फैसले के बाद, क्रीमी लेयर की पहचान के लिए मानदंड स्थापित किए गए। वर्तमान में, क्रीमी लेयर की आय सीमा 8 लाख रुपये प्रति वर्ष है, और इसमें उच्च सरकारी पदों पर कार्यरत व्यक्तियों के परिवार भी शामिल हैं। क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो वास्तव में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। इस नीति ने कई ओबीसी जातियों के बीच असंतोष पैदा किया है, खासकर उन जातियों में जो आर्थिक रूप से उन्नत हो चुकी हैं। क्रीमी लेयर की आय सीमा को समय-समय पर संशोधित किया जाता है।

हाल के वर्षों में, इसे 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि जाति जनगणना के बाद क्रीमी लेयर के मानदंडों को और सख्त किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, आय के साथ-साथ शैक्षिक योग्यता, संपत्ति, और सामाजिक स्थिति जैसे अन्य कारकों को भी शामिल किया जा सकता है। इस तरह के बदलाव उन ओबीसी जातियों को प्रभावित कर सकते हैं जो आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुकी हैं।कुछ जातियों ने सरकारी नौकरियों में ओबीसी कोटे का बड़ा हिस्सा हासिल किया है। यदि क्रीमी लेयर के मानदंड सख्त होते हैं, तो इन जातियों के कई परिवार आरक्षण के लाभ से वंचित हो सकते हैं। कई ओबीसी जातियों को सूची से बाहर करने या क्रीमी लेयर के कारण लाभ से वंचित करने का सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी हो सकता है।

## शब्द सामर्थ्य -065


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 064 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# जनभावनाओं को भुनाने का माध्यम बना सिंदूर

(डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)




एक चुटकी सिंदूर की क़ीमत क्या होती है। इसका मतलब उससे पूछा जाना चाहिए, जिसका दाम्पत्य जीवन उजड़ चुका हो। किंतु आजकल सिंदूर भी जन भावनाओं को भुनाने का माध्यम बन गया है। जब से भारत ने आतंकियों का मान मर्दन करने में ऑपरेशन सिंदूर में सफलता प्राप्त की है। सिंदूर राष्ट्र भक्ति प्रदर्शित करने का उपयोगी माध्यम बन गया है। ऐसा न होता, तो सिंदूर की रक्षा और सिंदूर के मिटने को लेकर भिन्न भिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ सोशल मीडिया में प्रकाश में न आती। समाचार है कि देश का प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा 9 जून से एक माह तक महिलाओं के लिए घर घर सिंदूर पहुँचाने का अभियान शुरू करेगी। यह सिंदूर सर्व समाज एवं सभी धर्मों के अनुयायियों के घर भेजा जाएगा या सिर्फ़ हिंदू धर्मावलंबियों के घर , यह स्पष्ट नही है। सिंदूर किसी श्रृंगार दान में सौंदर्य प्रसाधनों के साथ रखकर उपहार में दिया जाएगा या सिंदूर दानी में, इस रहस्य से भी पर्दा उठना बाक़ी है। हो सकता है कि सिंदूर पाकिस्तानी आतंकवादियों को सबक़ सिखाने में सफल रहने की खुशी में वितरित किए जाने की योजना का अंग हो तथा सरकार अपनी उपलब्धियाँ गिनाने के लिए ऐसा कर रही हो, यह स्पष्ट नही है। इतना अवश्य है कि सिंदूर प्रकरण भी पक्ष विपक्ष की सियासत का हथियार बन गया है । कोई सिंदूर में अपनी हार देख रहा है और कोई जीत।

भारतीय समाज में सिंदूर स्वस्थ एवं समर्पित दांपत्य जीवन का प्रतीक है। यह पारिवारिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परम्पराओं के निर्वहन का द्योतक है। इसे किसी भी स्थिति में राजनीतिक रंग दिया जाना उचित नहीं ठहराया जा सकता। आज के दौर में सिंदूर पिछड़ेपन की निशानी है। समाज के बड़ा वर्ग ऐसा है जो सिंदूर से परहेज़ करता है। सिंदूर आस्था का विषय है, दिखावे का नही। सिंदूर से वैवाहिक सम्बंध की पवित्रता एवं पति के प्रति पूर्ण समर्पण का बोध होता है। आज के विषाक्त वातावरण में जब पति पत्नी के रिश्तों में खटास बढ़ चुकी हो तथा विश्वास की डोर कमजोर हो चुकी हो, जिसके दुष्परिणाम विभिन्न प्रकार की घटनाओं से लक्षित हो रहे हों, कहीं पति, पत्नी और वो के मध्य पति की हत्या कर उसका शव ड्रम में दफन करने के समाचार प्रकाश में आ रहे हों तथा कहीं पत्नी के शव के टुकड़े फ्रिज में रखे जा रहे हों, वहाँ सिंदूर का कितना महत्व बचा है, यह किसी से छिपा नही है । वैसे भी सिंदूर महिलाओं के सुहागन होने को प्रदर्शित करता है। कहीं कहीं सिंदूर भक्ति का भी प्रतीक है। सिंदूर से जुड़ी कुछ भक्ति कथाएँ भी समाज में प्रचलित हैं । ऐसे में सिंदूर को प्रत्येक घर में पहुँचाकर राजनीतिक दल कौन सा सकारात्मक संदेश समाज को देना चाहते हैं ? यह आम आदमी तथा प्रबुद्ध समाज की समझ से परे हैं ।

# आत्मविश्वास, सौंदर्य और स्मार्ट व्यक्तित्व की ओर एक कदम

(डॉ. फ़ौज़िया नसीम शाद-विभूति फीचर्स)



वर्तमान समय में नारी ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से वह स्थान प्राप्त किया है, जो कभी केवल पुरुषों का विशेषाधिकार माना जाता था। विज्ञान, शिक्षा, राजनीति, व्यवसाय, कला-हर क्षेत्र में आज की नारी ने अपने नाम की चमक बिखेरी है। यह उसकी लगन, त्याग और निरंतर संघर्ष का परिणाम है। लेकिन विडंबना यह है कि बाहरी दुनिया में इतनी सफलता अर्जित करने के बावजूद, अधिकतर महिलाएँ अब भी अपने स्वास्थ्य, सौंदर्य, और आत्म-निर्माण के प्रति लापरवाह बनी रहती हैं। विवाह के बाद तो स्थिति और भी सीमित हो जाती है। जीवन पति और बच्चों की सेवा तक सिमट कर रह जाता है। अपने सपनों, इच्छाओं और व्यक्तित्व को नज़रअंदाज़ कर देना जैसे एक सामाजिक आदर्श बन गया है। इस मानसिकता को बदलना आवश्यक है। आज की नारी को यह समझने की ज़रूरत है निर्भरता केवल आर्थिक नहीं होती बल्कि उसका संबन्ध आत्म-सम्मान, आत्म-विश्वास से भी है उपरोक्त लेख में जाने कि कैसे हर नारी अपने व्यक्तित्व को स्मार्ट और प्रभावशाली बना सकती है-

**सेहतमंद शरीर, सजग मन**

नियमित व्यायाम, योग और संतुलित जीवनशैली न केवल शरीर को फिट रखते हैं, बल्कि मानसिक स्फूर्ति भी बनाए रखते हैं। सकारात्मक सोच अपनाएं क्योंकि जब मन स्वस्थ होता है, तो व्यक्तित्व स्वतः ही निखरता है।

**नींद को दें प्राथमिकता**

नींद हमारी सेहत की नींव है। कम से कम आठ घंटे की नींद न लेने से न केवल थकान बल्कि चिड़चिड़ापन और मानसिक दबाव भी बढ़ता है। स्वस्थ दिनचर्या और तनावमुक्त नींद को जीवन का हिस्सा बनाएं।

**पौष्टिक आहार, सुंदर त्वचा**

स्वस्थ शरीर ही सच्ची सुंदरता का आधार है। अपने भोजन में हरी सब्जियां, फल, दूध, और सलाद को अनिवार्य रूप से शामिल करें। जंक फूड और अनियमित भोजन से दूरी बनाए रखें।

तनाव और अवसाद से दूर रहें

यदि आपको अक्सर तनाव या अवसाद महसूस होता है, तो स्वयं से संवाद करें, समस्याओं की जड़ खोजें, और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएं। नियमित ध्यान और योग तनाव को कम करने में अद्भुत रूप से सहायक हैं।

**पहनावे में सादगी और गरिमा**

आपका पहनावा आपके मन का प्रतिबिंब होता है। ऐसे वस्त्र चुनें जो आपकी उम्र, पद और गरिमा के अनुसार हों।

**संवाद शैली को निखारें**

आपकी बात करने की शैली, आवाज़ का लहजा और बॉडी लैंग्वेज मिलकर आपकी एक छवि बनाते हैं। विनम्रता, मधुरता और आत्मविश्वास से भरी बातचीत आपको प्रभावशाली बनाती है।

**मेकअप को सजगता से अपनाएं**

मेकअप केवल सौंदर्य नहीं, आत्मविश्वास भी देता है। हल्का, स्वच्छ और अवसर के अनुकूल मेकअप आपको सहज सुंदर बनाता है। ध्यान रखें, सादगी ही सबसे बड़ा आकर्षण है।

**स्मार्ट दिखना, आत्मविश्वास से जीना**

स्मार्ट दिखना केवल फैशन नहीं, आत्म-प्रस्तुति की कला है। आप तभी आकर्षक लगेंगी जब आप स्वयं को स्वीकारें और पसंद करें। आत्मविश्वास ही सबसे बड़ा सौंदर्य है।

**अपनी रुचियों को पहचानें**

आपकी रुचियाँ, आपकी पहचान हैं। उन्हें समय दें, संवारें, और उनसे अपने व्यक्तित्व को निखारें। यही आपकी आंतरिक ऊर्जा को बनाए रखने में सहायक होंगी।

**स्वयं से प्रेम करें**

नारी अपने परिवार के लिए जीती है यह उसकी खूबसूरती है। लेकिन अपने आप को भूल जाना कोई आदर्श नहीं।

# राशिफल

**मेष**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके लिए सफलता का नया मार्ग दिखाने वाला साबित होगा। आज आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। इस राशि के जिन लोगों का आज बर्थडे है वो दोस्तों को अपने हाथ की बनायी डिश खिलाएंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज राजनीतिक संपर्क से आपकी समस्या हल हो जाएगी।

**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपकी परेशानी जिससे आप काफ़ी दिनों से परेशान थे उसका निवारण हो जायेगा। आज ऑफिस में कलीग को आपसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा। इस राशि के जिन लोगों को किसी बिजनेस की शुरुआत करनी है उनके लिए आज का दिन बढ़िया है। आप शुरू कर सकते हैं। आज मीडिया, आर्ट, पब्लिकेशन से जुड़े लोगों के लिए अच्छा दिन है, आपको नयी उपलब्धियां मिल सकती हैं। घर में व्यस्त होने के कारण व्यापार में कम ध्यान रहेगा, फिर भी आप लाभ में रहेंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किसी काम में बड़े भाई की सलाह से आपको पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, रिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी। आज आप काम करने से पहले पॉजिटिव और नेगेटिव हिस्सों पर सोच-विचार करेंगे, सफलता मिलनी तय है। दांपत्य जीवन में आज खुशहाली रहेगी, घर में मेहमानों के आने और मेल-मिलाप से खुशी बढ़ेगी। जिन लोगों को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या है वे आज किसी डॉक्टर से परामर्श लेंगे, आपको राहत मिलेगी।

**कर्क**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। अपने व्यापार को बढ़ाने की योजना पर काम करने का अच्छा समय है। आज घर की सजावट में किये गए बदलाव से आपको खुशी मिलेगी। लवमेट आज कही घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। आज कार्यस्थल पर व्यस्तता से भरे माहौल से निकलकर शाम को परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। अपने करियर को बेहतर दिशा देने के लिए माता-पिता से विचार-विमर्श करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहेगा। प्रॉपर्टी से सम्बंधित अगर समस्या चल रही है तो आज उसे सुलझाने का अच्छा समय है। आज आपकी मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। स्टूडेंट्स के करियर में आ रही समस्याओं का समाधान मिल सकता है। कार्यस्थल पर अपनी काबिलियत दिखाने का आज अच्छा मौका है। इस राशि के मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ मिलेगा। बड़े और अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने कुछ नयी चुनौतियां आएंगी जिसे आप अपनी बुद्धिमत्ता से सुलझा लेंगे। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है। रुका हुआ पैसा मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज पारिवारिक रिश्तों में ताल-मेल बना रहेगा। ऑफिस में आपके काम करने के तरीकों को वाहवाही मिलेगी, आपको प्राउड फील होगा। साझेदारी संबंधी बिजनेस में नेगेटिव बातों को खुद पर हावी न होने दें।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने कुछ नयी चुनौतियां आएंगी जिसे आप अपनी बुद्धिमत्ता से सुलझा लेंगे। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है। रुका हुआ पैसा मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज पारिवारिक रिश्तों में ताल-मेल बना रहेगा। ऑफिस में आपके काम करने के तरीकों को वाहवाही मिलेगी, आपको प्राउड फील होगा। साझेदारी संबंधी बिजनेस में नेगेटिव बातों को खुद पर हावी न होने दें।

**वृश्चिक**

आज का दिन बढ़िया रहेगा। आपका सरकारी मामला जो काफी दिनों से रुका हुआ है उसमें आपको जीत मिल सकती है। आज परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, आप बच्चों के भविष्य के बारे में बातचीत करेंगे। आज दोपहर बाद आपकी यात्रा के योग है इससे आपके बिजनेस में ज्यादा धनलाभ होगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी, घर के बड़े-बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। लवमेट आज एक दूसरे को अच्छे से समझने में सफल होंगे।

**धनु**

आज का दिन उत्तम रहेगा। आज जरूरी कामों से थोड़ा समय निकालकर अपने पसंदीदा कामों में बिताएंगे, आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। आज भौतिक सुख-सुविधाओं से रिलेटेड चीजों की खरीददारी करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग किसी जॉब की तलाश में हैं आज उनकी तलाश पूरी हो सकती है। लवमेट आज बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। रिश्तों में आपसी ताल-मेल बनाये रखने के लिए एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज काम के मामले में आप दूसरों की बातों को इग्नोर करृ अपनी काबिलियत पर भरोसा करेंगे, आपको जल्द ही इसका अच्छा रिजल्ट मिलेगा। आज कामकाज और परिवार की जिम्मेदारियों में ताल-मेल बना रहेगा। आज प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री में अच्छी डील होने से मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा फिर भी सेहत को लेकर सावधानी बरतेंगे। आज बेवजह की बातों को अपने मन में न आने दें।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आप का बिजनेस में काम व्यवस्थित रहेगा, आपके आसपास के कारोबारियों से चल रहे कॉम्पटीशन में आपकी जीत तय है। इस राशि के जो लोग प्राइवेट जॉब कर रहे हैं वो आज काम में लापरवाही न करें, जल्द ही आपके इन्क्रीमेंट के योग बन रहे हैं। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। लवमेट आज मूवी देखने का प्लान बनायेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज काम आपके मन मुताबिक पूरा होगा। घर में धार्मिक कार्यक्रम की योजना बनेगी, इससे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिलेगा। आज विपरीत परिस्थितियों से निकलने के लिए किसी मित्र की सहायता आपके लिए वरदान साबित होगी। भावनाओं में आकर फैसला लेने से बचें। आज बिजनेस कॉन्टेक्ट्स के जरिये नए एग्रीमेंट के योग हैं। अपना इम्यून सिस्टम मजबूत बनाने के लिए हेल्दी फ़ूड की रुटीन अपनाएं। छात्र अपनी मेहनत जारी रखें सफलता मिलने के योग बने हुए हैं।

# सुशासन और महिला स्वावलंबन की प्रणेता लोकमाता देवी अहिल्याबाई

( डॉ. मोहन यादव-विनायक फ़ीचर्स)



देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130 विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाई, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उनके राज्य में होलकर राज्य सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का आदर्श रहा। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया।

उनके शासनकाल में होलकर राज्य प्रभावी सूचना तंत्र, पंचायती राज, न्यायालय, सुरक्षा की चौकस व्यवस्था, सशक्त सेना के साथ ग्रामीण तथा नगरीय नियोजन का उदाहरण बन गया। जीवनभर वे भगवान शिव और समाज के लिए समर्पित रहीं। समाज निर्माण और महिला सशक्तिकरण के लिए अहिल्याबाई होलकर ने जो कार्य किये, वे हमारी विरासत का गौरवपूर्ण हिस्सा हैं। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश सरकार देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रि-शती जयंती वर्ष को समारोह पूर्वक आयोजित कर रही है। शौर्य और पराक्रम की प्रतीक लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित करते हुए विजयादशमी के त्योहार पर प्रदेश भर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश में उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। इसमें कार्यशालाएं, व्याख्यान, संगोष्ठियां, नाट्य, महानाट्य प्रस्तुति आदि के श्रृंखलाबद्ध आयोजन हुए। हमने प्रयास किया कि बौद्धिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से देवी अहिल्याबाई के कार्य, विचार और आदर्श समाज के बीच पहुंचे। अहिल्याबाई के व्यक्तित्व निर्माण, परिवार समन्वय, पर्यावरण संरक्षण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण के सूत्र समाज के सामने लाये गये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिये विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। प्रधानमंत्री जी के इस सूत्र के अनुरूप ही हमने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का




अभियान चलाया। प्रदेश के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हमने डेस्टिनेशन कैबिनेट की ऐतिहासिक पहल की है। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को धरातल पर साकार करती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में दो कैबिनेट बैठकें कीं। पहली बैठक 24 जनवरी 2025 को महेश्वर के किले में और दूसरी बैठक 20 मई 2025 को इंदौर के राजवाड़ा में संपन्न हुई। पहली बैठक में प्रदेश के 19 पवित्र स्थलों में शराब बंदी लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाये रखने के साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा, वहीं दूसरी बैठक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया गया है।अहिल्याबाई होलकर ने महिला सशक्तिकरण को लेकर जो दिशा तय की थी, उसे आगे बढ़ाने का कार्य यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

हमने पुण्यश्लोका, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्म जयंती वर्ष में प्रधानमंत्री जी के गरीब, युवा, किसान और नारी (GYAN) पर ध्यान के ध्येय मंत्र को सार्थक करने का प्रयास किया। इस मंत्र के चौथे स्तम्भ 'नारी' के समग्र विकास के लिये देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर कार्य आरंभ किया गया। इस मिशन से प्रदेश की नारी आत्मनिर्भर होंगी, उनके आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास एवं सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना, महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए प्रयास करना शामिल है। मिशन के प्रमुख लक्ष्यों में बालिका लिंगानुपात में वृद्धि, बालिका शिक्षा में वृद्धि, मातृ मृत्युदर में कमी लाना, महिला अपराधों में कमी लाना, बाल विवाह रोकना, महिला श्रमबल में वृद्धि करना आदि समाहित है। देवी अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, समाज कल्याण और सुशासन की दिशा में जो मार्ग दिखाया है, मध्यप्रदेश सरकार उस पर चलकर समग्र विकास को चरितार्थ करने के लिये संकल्पित है। हमने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के सिद्धांतों, उनके आदर्श को राज्य की नीति और निर्माण में शामिल करते हुए महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाए हैं। मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिये विभिन्न स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इससे महिलाओं को रोज़गार, स्वरोज़गार, स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षा के मजबूत अवसर प्राप्त हो रहे हैं। विशेषकर लाड़ली बहना योजना, देवी अहिल्याबाई होलकर मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, लाड़ली लक्ष्मी योजना से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश के सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर स्थापित किये गए हैं, महिला हेल्पलाइन और चाइल्ड हेल्पलाइन से सुरक्षा प्रदान की है। महिला श्रमिकों की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान के उद्देश्य से वूमेन एंटरप्रेन्योर डेडिकेटेड इंडस्ट्री पार्क की स्थापना की गई। महिलाओं के स्वरोज़गार और कौशल विकास के लिए एमएसएमई नीति-2025 में महिला उद्यमियों को 50 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान का प्रावधान किया गया। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मध्यप्रदेश को विश्व की शीर्ष टूरिज्म डेस्टिनेशन माना गया है। हमने नवाचार करते हुए सेफ टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वूमेन के तहत 10 हजार महिलाओं को पर्यटन सेवाओं के लिये प्रशिक्षित किया है। मुझे यह बताते हुए संतोष है कि मध्यप्रदेश, देश का पहला ऐसा राज्य है जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया गया है।

# शेयर बाजार में दो दिन तेजी, तीन दिन गिरावट रही

## - सेंसेक्स 182 अंक की गिरावट के साथ 81,451 पर बंद - निफ्टी 82 अंक गिरकर 24,750.70 पर बंद

**मुंबई, (ए.)।** बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखने को ?मिला। शेयर बाजार में सप्ताह में दो ?दिन बढ़त और तीन ?दिन ?गिरावट पर कारोबार हुआ। सप्ताह के आ?खिरी कारोबारी ?दिन शुक्रवार को शेयर बाजार ?गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि अमेरिकी अपील अदालत की ओर से पारस्परिक शुल्कों को अस्थायी रूप से बहाल करने के बाद व्यापार अनिश्चितता फिर बढ़ गई। बीते सप्ताह शेयर बाजार का पांच ?दिन का कारोबार इस प्रकार रहा- भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी ?दिन सोमवार को मजबूती के साथ खुले। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स आज 200 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,928.95 पर खुला और 455 अंक चढ़कर 82,176 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,919.35 पर खुला और 148 अंक की तेजी रही, ये 25,001 के स्तर पर बंद हुआ। एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस और इन्फोसिस जैसी भारी भरकम शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 100 अंक से ऊपर की गिरावट लेकर 82,038.20 पर खुला और 624.82 अंक की गिरावट के साथ 81,551.63 पर बंद हुआ! नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 24,956.65 पर खुला और 174.95 अंक की गिरावट के साथ 24,826.20 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 100 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 81,457 पर खुला और 239 अंक की गिरावट के साथ 81,312 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी-50 24,832 अंक पर लगभग फ्लैट खुला और 73 अंक की गिरावट रही, ये 24,752 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,591.03 पर खुला और 320.70 अंक चढ़कर 81,633.02 पर बंद हुआ। निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 24,825.10 पर खुला और 81.15 अंक बढ़कर 24,833.60 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 219 अंक गिरकर 81,414.02 पर खुला और 182.01 अंक की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 53.6 अंक गिरकर 24,780 पर खुला और 82.90 अंक गिरकर 24,750.70 पर बंद हुआ।




### इंडिगो को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते में समाप्ति का निर्देश

**- इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे**

**नई दिल्ली, (ए.)।** केंद्र सरकार ने इंडिगो एयरलाइन को टर्की के समर्थन के दौरान लीज समझौते को तीन महीने के भीतर खत्म करने का निर्देश दिया। इंडिगो ने टर्की की सेलेबी एविएशन के साथ दो बोइंग 777 विमान पट्टे पर ले रखे थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इसे 31 अगस्त तक का विस्तार किया है ताकि यात्रियों को असुविधा से बचाया जा सके। मंत्रालय ने दिखाया कि यह अनुमति अंतिम है और इंडिगो को इन विमानों का परिचालन नियामक ढांचे की पूरी तरह से अनुपालन करने की आवश्यकता है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की के पाकिस्तान के साथ खड़े होने के बाद केंद्र ने 15 मई को तुर्की की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा था, तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। मौजूदा हालात को देखते हुए यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए देश में सेलेबी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।




इटली में आयोजित - गिरो डीइटालिया - स्टेज 19 - बिएला से चैंपोलुक डेकाथलॉन में साइकिलिंग में चरण 19 जीतने के बाद ला मोंडियाल टीम के निकोलस प्रोधोमे पोडियम पर जश्न मनाते हुए।

### पब्लिक प्रोविडेंट फंड सुरक्षित और लाभकारी विकल्प

**- हर साल जमा करें 1 लाख रुपये, 15 साल बाद मिलेंगे 27 लाख**

**नई दिल्ली, (ए.)।** शेयर बाजार के लगातार उतार-चढ़ाव के बीच लोग अब पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) को एक मजबूत और लाभकारी निवेश विकल्प के रूप में देख रहे हैं। पीपीएफ एक ऐसा निवेश है जो सरकार की गारंटी के साथ आपको स्थिर और सुनिश्चित रिटर्न देता है। जबकि स्टॉक्स और म्यूचुअल फंड में जोखिम होता है, पीपीएफ आपके पैसे की सुरक्षा और बढ़ती हुई राशि का विश्वास दिलाता है। पीपीएफ खाता खोलने के लिए आप किसी भी बैंक या डाकघर में जा सकते हैं। आपको प्रति वर्ष 15 साल के अवधि में निवेश करना होता है और धीरे-धीरे आपका निवेश बढ़ता जाता है। सालाना 7.1 फीसदी के कंपाउंडिंग ब्याज दर के साथ आप अच्छे रिटर्न उम्मीद कर सकते हैं, जो आपके निवेश को दोगुना बना सकता है। इस योजना में निवेश करने के लिए आप अपने नाबालिग बच्चे के नाम पर भी पीपीएफ खाता खोल सकते हैं।

# दिल्ली में 42 साल बाद होगी आईएटीए की बैठक

## - दुनिया के विमानन कंपनियों के दिग्गज दिखाई देंगे एक मंच पर

**नई दिल्ली, (ए.)।** दिल्ली में 40 से ज्यादा वर्षों के बाद इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की 81वीं सालाना आम बैठक का आयोजन होगा। बताया जा रहा है ?कि 1 जून से आरंभ हो रहे तीन दिन के इस सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित कर सकते हैं। आईएटीए की इस बैठक में लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय विमानन कंपनियों, विमान निर्माताओं और विमानन क्षेत्र से जुड़ी अन्य कंपनियों के प्रमुख और शीर्ष अधिकारी शा?मिल होते हैं। इसमें वैश्विक विमानन क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाता है, इसीलिए विमानन उद्योग के लिए साल का सबसे महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम माना जाता है। दुनिया की 350 से अधिक विमानन कंपनियां आईएटीए की सदस्य हैं और विमानन यातायात में उनकी 80 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी है। आईएटीए ने कहा है कि इन कंपनियों के मुख्य कार्य अधिकारियों (सीईओ), सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों समेत करीब 1,700 प्रतिभागी दिल्ली में हो रहे सम्मेलन में शिरकत कर सकते हैं। भारत की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो इस बैठक की मेजबान है। इससे पहले भारत में यह बैठक 1983 में हुई थी। आईएटीए के महानिदेशक ने कहा ?कि पिछले एक दशक में वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत का कद काफी बदला है। देश में रिकॉर्ड संख्या में विमानों के ऑर्डर दिए गए हैं, जोरदार वृद्धि हुई है और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हुआ है।' भारतीय विमानन उद्योग में 3,69,700 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है और देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका 5.6 अरब डॉलर का योगदान है। अप्रत्यक्ष रोजगार, विमानन के कारण मिलने वाले रोजकार और पर्यटन को जोड़ दें तो इस क्षेत्र से करीब 77 लाख नौकरी मिली हैं और जीडीपी में इसका योगदान 53.6 अरब डॉलर तक पहुंच जाता है, जो देश के कुल जीडीपी का 1.5 फीसदी है। देश के हवाई यात्रा बाजार में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारतीय विमानन कंपनियों ने साल 2023 से विमानों के कई बड़े ऑर्डर दिए हैं। फरवरी 2023 में टाटा के स्वामित्व वाले एयर इंडिया समूह ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया था। समूह ने एयरबस को 250 विमानों और अमेरिकी हवाई जहाज कंपनी बोइंग को 220 विमानों को ऑर्डर दिया था। उसके चार महीने बाद जून में इंडिगो ने दुनिया का सबसे बड़ा विमान ठेका दे डाला। उसने एयरबस को 500 ए320नियो फैमिली विमानों का ठेका दिया।

# इफको ने इस साल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, बनाया कीर्तिमान

## -इफको जल्द नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो उत्पाद करेगा लॉन्च

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक और कीर्तिमान बनाते हुए 3,811 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ अर्जित किया है। यह लगातार तीसरा साल है जब इफको ने 3,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का लाभ दर्ज किया है। इस साल नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें इफको नैनो डीएपी की बिक्री में 118 फीसदी अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इफको ने इस साल कुल 365.09 लाख बोतल नैनो उर्वरकों की बेची, जो पिछले साल के 248.95 लाख बोतलों की तुलना में बड़ी वृद्धि है। नैनो यूरिया प्लस और नैनो डीएपी के उपयोग से न केवल किसानों को लाभ हुआ, बल्कि इससे परंपरागत उर्वरकों की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि सहकार से समृद्धि का सपना इफको के प्रदर्शन के जरिए से साकार हो रहा है। इफको ने 23 सालों से लगातार 20 फीसदी लाभांश देकर अपने सदस्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित की है। इफको जल्द ही नैनो जिंक, नैनो कॉपर और ग्रेन्युलर नैनो एनपीके जैसे अत्याधुनिक उत्पादों को लॉन्च करेगा, जिससे कृषि उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ पोषण संतुलन भी सुनिश्चित होगा। यह पहल कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों जैसे ड्रोन, एआई और नैनो प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला को पूरी तरह से परिवर्तित कर रही है। इफको ने देशभर में 203 मॉडल नैनो गांव परियोजनाएं शुरू की हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों की खपत में 28.73 फीसदी की कमी और फसल उत्पादकता में 5.8 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इफको अब इस परियोजना को कार्बन क्रेडिट प्रमाणन से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है। संस्था के प्रबंध निदेशक को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर रोचडेल पायनियर अवॉर्ड 2024 और भारत के उर्वरक पुरुष जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया है।




पेरिस में टेनिस स्पर्धा के दौरान पोलैंड की इगा स्वियाटेक रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन के खिलाफ़ अपने तीसरे दौर के मैच में एक्शन में दिखाई दीं।

### अपने प्रदर्शन से संतुष्ट साई सुदर्शन, अभी बल्लेबाजी को और बेहतर करना

**नई दिल्ली, (ए.)।** गुजरात टाइटंस का आईपीएल 2025 में सफर एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस के हाथों मिली हार के बाद समाप्त हो गया। गुजरात के लिए भले ही हार निराशाजनक रही हो, लेकिन ओपनर बल्लेबाज साई सुदर्शन ने फिर अपनी बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने 49 गेंदों में 80 रनों की बेतरीन पारी खेली, इसमें 10 चौके और 1 छक्का शामिल था। हालांकि, टीम 228 रनों के लक्ष्य के जवाब में केवल 208 रन ही बना सकी। सुदर्शन ने मौजूद आईपीएल सीजन में शानदार प्रदर्शन कर 759 रनों के साथ ऑरेंज कैप की दौड़ में बने हुए हैं। उन्होंने 15 मैचों में 54.21 की औसत से रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। इसके बावजूद वह संतुष्ट नहीं हैं। मैच के बाद उन्होंने कहा कि मुझे अभी अपने टी 20 गेम में काफी सुधार की जरूरत है, इसपर गंभीरता से काम करना चाहते हैं। 23 वर्षीय सुदर्शन ने बताया कि वे टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बारे में अभी नहीं सोच रहे हैं, बल्कि अपने खेल के विभिन्न पहलुओं पर फोकस करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

# आईपीएल 2025 ः आज निर्धारित होगा कौन भिड़ेगा आरसीबी के साथ फायनल में

### पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच निर्णायक मुकाबला

**नई दिल्ली, (ए.)।** आईपीएल 2025 के दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच आज रविवार, 1 जून को जोरदार मुकाबला होने वाला है। पंजाब किंग्स, जो पहली बार आईपीएल का खिताब जीतने की कोशिश कर रही है, को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली करारी हार से झटका लगा था, जिससे टीम का आत्मविश्वास जरूर प्रभावित हुआ होगा। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब के लिए यह मुकाबला किसी सेमीफाइनल से कम नहीं होगा, क्योंकि टीम को मुंबई इंडियंस जैसी अनुभवी टीम से टक्कर देनी है। गेंदबाजी विभाग में प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने से टीम को अतिरिक्त दबाव झेलना पड़ रहा है, खासकर तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर जिम्मेदारी बढ़ गई है। मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल की अनुपस्थिति पंजाब की गेंदबाजी को कमजोर कर चुकी है, और अब बल्लेबाजों को बढ़िया प्रदर्शन कर इस कमी की भरपाई करनी होगी। पिछले मैच में




पंजाब का बल्लेबाजी विभाग खासा प्रभावित नजर आया था, इसलिए टीम प्रबंधन इस बार पूरी सतर्कता से रणनीति बनाएगा। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मैच में मजबूत दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर अपने छठे खिताब की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। इस जीत से मुंबई के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। मुंबई की टीम में नॉकआउट मुकाबलों का अच्छा अनुभव है, जो ऐसे दबाव वाले मैचों में काम आता है। कोच माहेला जयवर्धने ने टीम को अच्छी तरह से संगठित किया है और उन्होंने पिछले सीजन में मुंबई को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई इंडियंस की टीम में रोहित शर्मा ने हाल ही में शानदार बल्लेबाजी की है और वह अपनी लय में लौट आए हैं, जो पंजाब के गेंदबाजों के लिए चिंता का विषय है। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी भी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, जहां बड़े स्कोर बनना आम है। इस वजह से मैच का परिणाम काफी हद तक गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि विजेता सीधे फाइनल में पहुंचेगा। पंजाब किंग्स को अपनी पिछली हार से सबक लेकर संयम और ऊर्जा के साथ खेलना होगा, जबकि मुंबई इंडियंस अपनी मजबूत टीम और अनुभव का फायदा उठाना चाहेगी। यह मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांचक साबित होगा और आईपीएल के इस सीजन के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा।

टीम इस प्रकार हैं ः मुंबई इंडियंसः हार्दिक पांड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत (विकेटकीपर), नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो (विकेटकीपर), रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

# पावरप्ले में तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होताः शुभमन गिल

**मुल्लांपुर, (ए.)।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल एलिमिनेटर में 20 रन से हार के साथ ही गुजरात टाइटंस का सफर खत्म हो गया है। हार से निराश कप्तान शुभमन गिल अपना दर्द नहीं छिपा पाए। उन्होंने हार पर कहा कि पावरप्ले में तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होता। गुजरात ने तीन में से दो कैच रोहित के छोड़े। रोहित ने इसका फायदा उठाते हुए 81 रन बनाए।

मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर मुकाबले में रोहित शर्मा और जॉनी बेयरस्टो ने 22 गेंद में 47 की पारियों के दम पर 5 विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब में साई सुदर्शन के 80 रन के बावजूद गुजरात टाइटंस 6 विकेट पर 208 रन ही बना सकी और हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हार के बाद शुभमन गिल ने कहा कि आखिरी तीन-चार ओवर हमारे पक्ष में नहीं गए लेकिन



यह अच्छा मैच था। हमसे कुछ गलतियां हुईं। तीन कैच छोड़ने के बाद जीतना आसान नहीं होता, खासकर पावरप्ले में।

गुजरात की फील्डिंग बहुत ही लचर रही और उसने तीन अहम कैच छोड़े। इनमें से दो रोहित शर्मा के और एक सूर्यकुमार यादव का। रोहित को पावरप्ले में दो जीवनदान मिले। पहले गेराल्ड कोएत्जी ने बाउंड्री के पास उनका कैच छोड़ा फिर विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे कैच छोड़ा। शुभमन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए हमारा संदेश साफ था कि अपने हिसाब से खेलो। साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर से यही किया। साई बहुत ही बढिया खेले। गुजरात के कप्तान ने माना कि मुंबई ने उनकी उम्मीद से ज्यादा रन बनाए।

### क्या पांड्या की अजेय रणनीति मुंबई को दिला पाएंगी फायनलकी टिकिट

**नई दिल्ली, (ए.)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। रविवार, 1 जून को पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच क्वालीफायर-2 मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

पंजाब की टीम पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हारकर यहां पहुंची है, जबकि मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर इस मुकाबले में जगह बनाई है। यह मैच दोनों टीमों के लिए करो या मरो जैसा होगा, क्योंकि जीतने वाली टीम 3 जून को फाइनल में आरसीबी से भिड़ेगी।

# महिला बन ओलंपिक में जीता गोल्ड, वर्ल्ड बॉक्सिंग ने लगाया बैन

## अब 18 साल से ज्यादा उम्र के एथलीट को जेनेटिक टेस्ट से गुजरना होगा

**नई दिल्ली, (ए.)।** पेरिस ओलंपिक 2024 अल्जीरिया की बॉक्सर इमाने खलीफ की वजह से हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने महिला कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया था जबकि वह पुरुष वाली ताकत रखते थे। ऐसा उनसे लड़ने वाली मुक्केबाज ने दावा किया था।

बता दें इमाने खलीफ के जेंडर को लेकर विवाद हुआ था क्योंकि वह पुरुष हुआ करते थे और अपना जेंडर चेंज करवाया था। अब मुक्केबाजी संघ ने इस मामले में बड़ा फैसला लेते हुए जेंडर टेस्ट को अनिवार्य कर दिया है। इस फैसले की वजह से अब उन पर बैन लग जाएगा जब तक वह टेस्ट को क्लीयर नहीं करते। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने घोषणा की है कि वह अपने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले पुरुष और महिला एथलीट भाग लेने के योग्य है या नहीं इसको तय करने के लिए जेंडर टेस्ट कराना होगा। अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने यह नीति तब लागू करने का फैसला लिया है जब पिछले साल पेरिस ओलंपिक में अल्जीरिया की महिला वेल्टरवेट स्वर्ण पदक



विजेता इमाने खलीफ को लेकर विवाद हुआ था।

वर्ल्ड बॉक्सिंग 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में मुक्केबाजी का आयोजन करेगा, जिसे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा अस्थायी मान्यता दी गई है। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि उसने अल्जीरियाई बॉक्सिंग महासंघ को सूचित कर दिया है कि अगर इमाने खलीफ नीदरलैंड्स में 5-10 जून से होने वाले आइंडहोवन बॉक्स कप में भाग लेना चाहती हैं तो उन्हें जेंडर टेस्ट देना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने कहा कि इस नीति को लागू करने की योजना और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले कुछ मुक्केबाजों की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, वर्ल्ड बॉक्सिंग ने अल्जीरियाई बॉक्सिंग महासंघ को सूचित किया है कि इमाने खलीफ को आइंडहोवन बॉक्स कप या किसी भी वर्ल्ड बॉक्सिंग इवेंट में महिला कैटेगरी में भाग लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी जब तक कि वह जेंडर टेस्ट नहीं देतीं।

नई नीति के तहत सभी 18 साल से ज्यादा उम्र के एथलीट जो वर्ल्ड बॉक्सिंग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हैं, उन्हें पीसीआर

दैनिक चम्बल सुर्खी



# अवैध शराब की तस्करी करने वाले 4 तस्कर गिरफ्तार, 17 लाख 83 हजार की बीयर एवं देशी शराब जब्त

## एक लोडिंग वाहन एवं एक स्कॉर्पियो कार जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में करैरा थाना पुलिस ने आज अवैध शराब की तस्करी करने वाले चार तस्कारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 17 लाख 83 हजार रूपए की 110 पेटी बीयर एवं देशी शराब के साथ एक लोडिंग वाहन एवं एक स्कॉर्पियो कार को जब्त किया है। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई को मुखबिर से सूचना मिली कि 2 वाहन एक लोडिंग छोटा हाथी और एक सफेद स्कॉर्पियो अवैध शराब लेकर करैरा की ओर आ रहे हैं। जिस पर टीआई ने शीतला माता मंदिर नहर की पुलिया पर चेकिंग प्वाइंट लगाया। जहां लोडिंग वाहन छोटा हाथी क्रमांक एमपी 33 जेडई 0837 को चैक किया गया तो उसमें बोल्ड कंपनी की 55 पेटी बीयर, ब्लैक फोर्ड कंपनी की 30 पेटी बीयर एवं 7 पेटी देशी शराब बरामद हुई। लोडिंग के वाहन चालक सोनू प्रजापति और क्लीनर पुष्पेंन्द्र लोधी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। वहीं स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 09 एनके 0111 से18 पेटी देशी शराब बरामद की गई। स्कॉर्पियो के चालक प्राण सिंह यादव और फूल सिंह लोधी के पास भी वैध लाइसेंस नहीं था। चारों आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीन आरोपियों के खिलाफ पहले से ही करैरा और अन्य थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस नीरज यादव से पूछताछ की तैयारी कर रही है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी करैरा निरी0 विनोद छावई, उनि बीआर पुरोहित, आर. हरेन्द्र सिंह, राधेश्याम जादौन, मत्स्येन्द्र गुर्जर, सुरेन्द्र रावत, दीपेन्द्र गुर्जर, मनोज कतरौलिया की मुख्य भूमिका रही है।

# एसपी राठौड़ का थानों का औचक निरीक्षण, पैदल घूम कर जानीं आमजन की समस्याएं, किया निराकरण

## अच्छा कार्य करने वाले आरक्षक राजेश कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक विवेक भट्ट पुरुस्कृत



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले के कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन को और अधिक चुस्त दुरूस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ इन दिनों जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का आकस्मिक भ्रमण कर रहे है। साथ ही क्षेत्र में पैदल घूम कर वहां की जनता से समस्यायें जानकर उनका समाधान भी कर रहे है। इसी क्रम में कल पुलिस अधीक्षक ने थाना सुरवाया का निरीक्षण किया। थाने पर अच्छा कार्य करने वाले आरक्षक 1064 राजेंद्र कुशवाह एवं सहायक उप निरीक्षक विवेक भट्ट को पुरूस्कृत किया गया। पुलिस कर्मचारियों को जनता के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार रखने व उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को जानकर उनका भी निदान किया गया। फिर थाना नरवर पहुंचकर थाना नरवर का आकस्मिक भ्रमण किया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने पूरे दल बल के साथ पैदल कस्बा भ्रमण किया तथा इस दौरान व्यापारियों व हाथ ठेले वालों से चर्चा की गई। फिर नव निर्मित पार्क का भ्रमण किया जहां युवाओं से चर्चा कर कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण गाईडेन्स युवाओं को दिया। पार्कमें मध्य प्रदेश सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले एक युवा को भी महत्वपूर्ण टिप्स दिए। पुलिस को पार्क की सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने तथा असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधिकारियों द्वारा किया जाने वाला पैदल भ्रमण आम जन में विश्वास का संचार करता है। साथ ही धरातल की वास्तविकता से भी अवगत कराता है। पैदल भ्रमण में थाना प्रभारी नरवर विनय यादव, स्टेनो आशीष पटेरिया, तथा रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती भी उपस्थित रहे।

# सर्किल जेल के पास कुए में मिला नर कंकाल, कपड़ों के अवशेष मिले, एक माह पुराना होने का अनुमान

**शिवपुरी ब्यूरो।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्किल जेल के पास स्थित एक पुराने कुएं से शनिवार सुबह नर कंकाल बरामद हुआ। राहगीरों ने कुएं से आ रही दुर्गंध की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल को बाहर निकलवाया। कोतवाली के पुलिसकर्मी सुमित शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में शव करीब 25 से 30 दिन पुराना लग रहा है। कंकाल पर पेंट और शर्ट के अवशेष मिले हैं, जिससे मृतक के पुरुष होने का अनुमान है। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया है। शव की पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टें खंगाली जा रही हैं। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद चल सकेगा।



# ऑपरेशन शील्ड के तहत द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

## हवाई हमले की स्थिति में प्रशासन की तत्परता और समन्वय का किया गया प्रभावशाली प्रदर्शन



**धौलपुर ब्यूरो।** ऑपरेशन शील्ड के तहत हवाई हमला होने की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के मध्य राहत एवं बचाव कार्यो के समन्वय के प्रदर्शन हेतु द्वितीय आपातकालीन अभ्यास किया गया। भारतीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार द्वितीय सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन पुराने अस्पताल के परिसर में किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य न केवल आपातकालीन स्थितियों में प्रशासनिक प्रतिक्रिया और समन्वय की क्षमता का मूल्यांकन करना था। मॉक ड्रिल की शुरुआत एक 'एयर स्ट्राइक अलर्ट' से हुई, जिसमें हवाई हमले की स्थिति को दर्शाते हुए घायलों के राहत-बचाव और उन्हें अस्पताल पहुँचाने की प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया गया। नागरिक सुरक्षा दल, एनसीसी कैडेट्स, पुलिस, चिकित्सा विभाग, अग्निशमन और अन्य बचाव टीमें पूरी मुस्तैदी से अपने-अपने कार्यो में जुटीं।

**जिला प्रशासन के नेतृत्व में मॉक अभ्यास-**

जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा स्वयं मौके पर मौजूद रहे और मॉक ड्रिल की पल-पल की गतिविधियों की निगरानी करते रहे। उनके साथ उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा, स्वास्थ्य, शिक्षा, अग्निशमन के अधिकारी कर्मचारी भी सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

**आपदा प्रबंधन का जीवंत प्रशिक्षण-**

मॉक ड्रिल में विशेष रूप से नागरिक सुरक्षा दलों, अग्नि सुरक्षाकर्मी, एनसीसी की भागीदारी का जीवंत प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षित नागरिक सुरक्षाकर्मियों ने घायल लोगों की प्राथमिक सहायता, स्ट्रेचर पर ले जाने की विधि, भीड़ प्रबंधन और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हवाई हमले के दौरान फिस्फोट में हुए 20 गंभीर घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दिए जाने हेतु एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। सामान्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रोडवेज बस की मदद से रेस्क्यू प्रदर्शन किया गया।

**प्रशासन की तैयारी रही मुस्तैद-**

घटना स्थल पर अग्निशमन, राहत, बचाव दलों चिकित्सा स्टाफ की तत्परता, एंबुलेंस की तैनाती जैसे उपायों की तैयारियां, कंट्रोल रूम की कार्यशीलता और विभागों के बीच समन्वय, इन सभी पहलुओं में प्रशासन की तैयारी का प्रदर्शन किया गया।

**जिला कलक्टर का संदेश-**

मॉक ड्रिल के समापन पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने मीडिया को बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य केवल विभागीय क्षमता परीक्षण नहीं, बल्कि नागरिकों को मानसिक और व्यवहारिक रूप से आपदा के प्रति तैयार करना है। हमारा प्रयास है कि आपात स्थिति आने से पहले ही हम उससे निपटने में सक्षम हों।

# गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन दरबार साहिब बेहटा में सालाना शहीदी जोड़ मेला आरंभ



**शिवपुरी ब्यूरो।** श्री अर्जन देव साहिब के 419 वे शहीदी दिवस पर 21वां सालाना शहीदी जोड़ मेला आज गुरुद्वारा श्री अर्जनदेव दरबार साहिब, बेहटा, शिवपुरी में सुबह 10.30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के आरंभ से हुआ। यह पाठ 2 जून तक होगा। इस अवसर पर श्री गुरुद्वारा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह ने अपने उद्बोधन में श्री गुरु अर्जन देव जी जीवन पर विस्तार से उपस्थित सैकड़ों संगत को बताया ओर शहीदी जोड़ मेला की विशेषता का भी बखान किया। शहीदी जोड़ मेला में ठण्डे मीठे जल दीया शीला, गुरु दा अटूट लन्गर चल रहा है, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब के सैकड़ों की संख्या में संगत सामिल हो रही है। कल 1 एव 2 जून को भारी दीवाना सजेगा, पावन दरबार साहिब दी कार सेवा सचखंडवासी श्रीमान संत बाबा तारा सिंह जी सम्प्रदाय सरहाली साहिब की की कृपा से सम्प्रदाय प्रमुख सरहाली साहिब संत बाबा घोलासिंह जी के मार्गदर्शन में,मुख्य जत्थेदार संत बाबा गुमान सिंह उत्तर प्रदेश वाले के दिशा-निर्देश एवं जत्थेदार बाबा तेग सिंह के नेतृत्व में शहीदी जोड़ मेला लगाया जा रहा है।इस मेला मे महापुरुष जत्थेदार श्री अकालतख्त साहिब सिंहसाहिब ,भाई रणजीत सिंह जी संत बाबा लखा सिंह जी, संत बाबा बलविंदर सिंह जी कोटा वाले, संत बाबा सेवा सिंहजी, संत बाबा लखा सिंह जी किला दाताबन्दी छोड ग्वालियर, संत बाबा गुरमेत सिंह जी डबरा वाले इत्यादि भी अपना प्रवचन देंगे,इस अवसर पर अमृतसर दरबार साहिब के ढाड़ी जत्था भाई हरपाल सिंह टण्ड, कीर्तन जत्था नानक दरबार वाले भाई रवीन्द्र सिंह जी जोनी बाबाजी, दशमेश नगर वाले काविसर जत्था भाई मक्खन सिंह जी, गोविंद दास साहिब वाले कथा वाचक भाई दविन्दर जी सोनूवीर अपनी प्रस्तुति देंगे.3 जून को सुबह 10 बजे से भारी अर्मत संचार होगा इसके उपरांत शहीद जोड़ मेला का समापन होगा.शहीदी जोड़ मेला में दिन रात अटूट लंगर संचालित होगा साथ ही धार्मिक पुस्तकें,सामान की दुकानें भी लगी है। श्री गुरुद्वारा अर्जनदेव जी, बेहटा के जत्थेदार बाबा तेग सिंह, जत्थेदार बाबा अमरिक सिंह, गुरु प्रीत सिंह, नवजोतसिंह,बरयाम सिंह,संग्राम सिंह,सुखचेन सिंह ने सभी संगत से अनुरोध किया है की हमेशा की तरह शहीदी जोड़ मेला में सामिल हो ओर श्री गुरु का असीम आर्शीवाद ग्रहण करें ओर जीवन को कृतार्थ करें।

# रीना आदिवासी ने दिया कोलारस अस्पताल में स्वस्थ्य बच्चे को जन्म

## सीएमएचओ शिवपुरी द्वारा कराई जांच में तथ्य हुए उजागर

**शिवपुरी ब्यूरो।** एक दैनिक समाचार पत्र में 29 मई 2025 को प्रकाशित खबर तीन घंटे तक प्रसूता को नही मिला पलंग, भर्ती होने के इंतजार में तीन घंटे तक पडी रही पर सीएमएचओ शिवपुरी द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए तत्काल जांच संधारित कराई गई। जांच में जो तथ्य उजागर हुए उनमें स्पष्ट हुआ कि प्रसूता बिना सूचना के जिला अस्पताल से चली गई और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोलारस में जाकर भर्ती हो गई जहां उसने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया कि रक्त अल्पता के चलते प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुकवासा से रैफर होकर 27 मई 2025 को दोपहर 1 बजकर 30 मिनिट पर जिला अस्पताल पहुंची रीना पत्नी राम गोपाल आदिवासी उम्र 20 बर्ष निवासी ग्राम खरैह विकासखंड बदरवास को एएनसी वार्ड में भर्ती किया जहां से वह बिना किसी सूचना के चली गई । प्रसूता को उसका पति एवं ससुर भी ढूढते रहे। प्रसूता के चले जाने पर जिला अस्पताल के स्टाफ ने पुलिस, डायल 100 सहित पीएचसी लुकवासा एवं सीएसी कोलारस को भी सूचना दे दी थी। प्रसूता 27 मई 2025 की देर शाम 6 बजकर 50 मिनिट पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर भर्ती हो गई जहां 28 मई 2025 को रात्रि 8 बजकर 19 मिनिट पर प्रसूता ने स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार निष्कर्ष यह निकलकर सामने आया कि प्रसूता रीना आदिवासी के अस्पताल के अंदर स्थित चौक में फोटो 28 मई 2025 की दोपहर को लिए गए थे।

# वैष्णवी यादव असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के विवेकानंद पुरम कॉलोनी में रहने वाले शिक्षक आनन्द सिंह यादव व मधु यादव सुपरवाइजर महिला बालविकास की बेटी वैष्णवी यादव का मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर अंग्रेजी विषय से 33 वी रैंक हासिल कर असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होकर शहर का नाम रोशन किया है। वैष्णवी ने अपनी यह उपलब्धि अपने पहले ही प्रयास में सफल हुई है। उन्होंने अपनी तैयारी ऑनलाइन कोचिंग से घर पर रहते हुए की। उन्होंने बताया उनका उद्देश्य एमपीपीएससी परीक्षा पास कर अच्छा पद हासिल करना रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिक व पत्रकार साथियों ने बधाई दी है।

# रात्रि चौपाल मनियां में जिला कलक्टर ने सुनी परिवेदनाएं, समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु दिये निर्देश



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने शुक्रवार को उपखंड धौलपुर के मनियां के अटल सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना। रात्रि चौपाल में आमजन ने पानी, बिजली, सड़क आदि बुनियादी व्यवस्थाओं के संबंध में परिवाद प्रस्तुत किये। जिला कलक्टर ने चौपाल में आमजन की समस्याओं पर सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए निस्तारण की दिशा में कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में परिवादी नथुआराम ने रामनगर कॉलोनी में गन्दे पानी की समस्या का निस्तारण और आगंनबाड़ी की जमीन से अतिक्रमण हटवाए जाने के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया जिस पर जिला कलक्टर ने सम्बन्धित विभागों को समुचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। परिवादी राजेश ने दुबाटी में चारागाह जमीन से अतिक्रमण हटवाए जाने के सम्बन्ध में परिवाद प्रस्तुत किया, जिस पर जिला कलक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में आमजन ने राशन संबंधी समस्याएं, पेयजल, विद्युत, सड़क आदि परिवेदनाओं को प्रस्तुत किया। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीडी आईसीडीएस धीरेन्द्र सिंह, उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा सहित सभी विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होलकर जयंती: मंच पर रखी राजगद्दी जिस पर विराजी माता अहिल्याबाई

## सामने बैठ समाजबंधुओं ने सुनीं अहिल्याबाई की महिमा



**शिवपुरी ब्यूरो।** देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती होलकर सेना के तत्वाधान में पाल बघेल समाज ने शिवपुरी में इस बार अनोखे ढंग से मनाई गई, समाज ने आज मानस भवन में एक राजगद्दी रखी जिस पर अहिल्याबाई होलकर स्वरूप में एक बालिका को बिठाया गया और समाजजनों ने मंच से नीचे बैठकर अहिल्याबाई की महिमा को सुना। कार्यक्रम के बारे में होलकर सेना शिवपुरी के जिलाध्यक्ष पंकज पाल ने बताया कि होलकर सेना शिवपुरी में हर वर्ष धूमधाम से अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई जाती है। एक शोभायात्रा निकाली गई जो काली माता से शुरू हुई जो झांसी तिराहा, गुरुद्वार चौक, माधव चौक, कोर्ट रोड़, अस्पताल चौराहा, मानस भवन में पहुंची जहां देवी अहिल्याबाई होलकर की राजगद्दी रखकर एक बालिका को बिठाया और समाज जनों ने अहिल्याबाई की महिमा को सुना और सुनाया। कार्यक्रम में देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह के जिला संयोजक गोपाल पाल ने कहा कि 300वीं जयंती पर समाज की एकजुटता पूरे देश में दिखाई दे रही है यह हमारे लिए गौरव की बात है। पूर्व विद्यायक लाखन सिंह बघेल ने कहा कि हमें यहां से अहिल्याबाई होलकर के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर घर जाना चाहिए हमें महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों को उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताना चाहिए। कार्यक्रम में स्वागत भाषण नेपाल सिंह बघेल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपेंद्र पाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष सीताराम पाल, धनगर महासभा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप बघेल, भाजपा मंडल मंत्री होतम सिंह बघेल, नीरज पाल, सुरेंद्र मामा, शशि पाल, धर्मेंद्र पाल, पवन पाल, अमुख पाल, दीपक पाल, अमित पाल, कालीचरण पाल, सूरज पाल, अभिषेक पाल, दिलीप पाल आदि उपस्थित थे।

# सिंधिया के प्रयासों से शुरू हुई ग्वालियर-बेंगलुरु ट्रेन, शिवपुरी-अशोकनगर-गुना सहित कई स्टेशनों पर होगा ठहराव

## रूट की अफवाहों पर लगा विराम, हर शुक्रवार को ग्वालियर से बेंगलुरु के लिए होगी रवाना



**शिवपुरी ब्यूरो।** ग्वालियर-चंबल संभाग के लाखों युवाओं, नौकरीपेशा लोगों और यात्रियों को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों एवं लगातार की गई अनुशंसा के फलस्वरूप गुना से बेंगलुरु के लिए नई रेलगाड़ी के परिचालन को रेल मंत्रालय द्वारा मंजूरी दिए जाने के बाद कुछ भ्रामक खबरें सामने आ रही थीं, जिस पर कल रेलवे ने ट्रेन का टाइम टेबल और स्टॉपेज सहित लेटर जारी किया है। रेलवे द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार यह रेलगाड़ी गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर सहित ग्वालियर-चंबल अंचल के प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। रेल मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह रेलगाड़ी हर शुक्रवार को ग्वालियर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी और रविवार को बेंगलुरु पहुंचेगी। इस मार्ग में ट्रेन का ठहराव शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, बीना, विदिशा और भोपाल स्टेशनों पर होगा। पूर्व में यह भ्रामक जानकारी सामने आई थी कि उक्त ट्रेन ग्वालियर से सीधी गुना जाएगी और शिवपुरी एवं अशोकनगर में ठहराव नहीं होगा। रेलवे द्वारा जारी अधिकृत पत्र ने इन ग़लत अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि उक्त सभी प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन का नियमित ठहराव सुनिश्चित किया गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यालय ने सोशल मीडिया ङ्क पर पोस्ट सांझा की है - केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से स्वीकृत ग्वालियर - बेंगलुरु एक्सप्रेस ट्रेन-11086/85, हर शुक्रवार ग्वालियर से रवाना होकर शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, बीना, विदिशा और भोपाल स्टेशनों पर ठहराव के साथ रविवार को बेंगलूरु पहुंचेगी। उक्त ट्रेन के इन स्टेशनों पर ठहराव से हमारी क्षेत्रीय जनता को सीधा, सहज और सुलभ लाभ मिलेगा।

# सर्पदंश से महिला की मौत

**मुरैना,कांस।** सबलगढ थाना क्षेत्र में एक महिला की बाथरूम नहाने गई थी कि उसी दौरान उसे सर्प ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला श्रीमती पपीता केवट पत्नी कल्ला उर्फ घमण्डी केवट उम्र 30 साल निवासी गाजीखेडा सबलगढ अपने घर के बाथरूम में नहाने गई थी कि उसी दौरान उसे जहरीले सर्प से डस लिया जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसे अस्पताल लाया गया जहॉ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने फरियादी गोपाल केवट पुत्र स्व. मांगीलाल केवट हाल गाजीखेडा की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, कहा- समय पर इलाज मिलता तो बच सकती थी जान

**शिवपुरी ब्यूरो।** जिला अस्पताल में एक गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण यह हादसा हुआ। मामला गोवर्धन थाना क्षेत्र के श्रीपुरा गांव का है। यहां की रहने वाली 32 वर्षीय श्रीवती आदिवासी पत्नी रामरूप आदिवासी को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन उसे तुरंत बैराड़ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। बैराड़ अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर बताई और उसे शिवपुरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। परिजनों का कहना है कि जब वे महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही गर्भ में पल रहे नवजात की भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। महिला के परिजनों का कहना है कि अगर समय पर इलाज मिल जाता, तो श्रीवती और उसके गर्भस्थ शिशु की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है।




## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33ए.सी.. 7658 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री खेम सिंह पुत्र श्री परमहंस नि. ग्राम मुबारिकपुर, तह. नरवर, जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को रामअवतार धाकड पुत्र श्री मुरारी धाकड नि. ग्राम डेहरवारा, तह. कोलारस, जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सिविल हॉस्पिटल जौरा में आयोजित की जागरूकता संगोष्ठी

## तंबाकू मुक्त हेतु दिलाई गई शपथ



**जौरा।** मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के मार्गदर्शन में संदीप सेंगर द्वारा सिविल हॉस्पिटल जोरा मैं जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल एवं दंत चिकित्सक डॉ हरिओम मीणा, डॉ अनिल राजपूत, डॉ गोविंद पवार, डॉ बृजेश गुर्जर, डॉ अमित चौधरी, डॉ हरेंद्र सिंह,टी वी इकाई से ए टी एल एस रणवीर गोयल,एस टी एस दिनेश पचौरी आईसीटीसी काउंसलर मणिकांत शर्मा सहित विभिन्न ग्रामों से पधारे हुए महिला पुरुष मौजूद रहे।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को डॉ आर एस सेमिल द्वारा तंबाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया वही डॉ. हरिओम मीणा द्वारा तंबाकू उत्पादों के उपयोग से मुंह एवं दातों से संबंधित होने वाले रोगों की जानकारी दी इस अवसर पर संदीप सेंगर द्वारा भी लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम है आकर्षण का पर्दाफाश, तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योगों की रणनीतियों का खुलासा एवं उन्हें उजागर करना क्योंकि तंबाकू उत्पादन करने वाली कंपनियां आज के युग में अपने उत्पादों को बेचने के लिए लोगों को आकर्षित व भ्रमित करने हेतु तंबाकू से बने उत्पादों को मनोरंजन, डिजाइन सुंदर पैकेजिंग जैसी कई चीजों से आकर्षित करती है हम सब को बच्चों एवं युवाओं को तंबाकू से बने उत्पादों को अपने जीवन से बाहर करने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है इस अवसर पर सभी के द्वारा तंबाकू मुक्त हेतु संकल्प भी लिया गया।

# माय भारत की जिला अधिकारी नेहा जादौन की हुई विदाई, आशुतोष ने संभाला कार्यभार



**मुरैना,कांस।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माय भारत जिला मुरैना की युवा अधिकारी श्रीमती नेहा जादौन को मुरैना जिले के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर उनके स्थान पर भिण्ड जिले के युवा अधिकारी आशुतोष साहू को मुरैना जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शनिवार को न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित कार्यालय में श्रीमती नेहा जादौन का विदाई समारोह हुआ। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू ने कार्यभार संभाला। इस दौरान जिले के विभिन्न युवा मण्डलों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे । युवा मण्डलों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में माय भारत मुरैना से दिलीप सुमन, रामविलास शर्मा, अम्बाह से रासेयो अधिकारी विजय शर्मा, हडवांसी युवा मण्डल से परीक्षत शर्मा, कुन्तलपुर से परशुराम शर्मा, चांद का पुरा से नितिन सिंह तोमर, सांटा से अनूप शर्मा, सुरजनपुर से शुभम डंडौतिया,गडौरा से गजराज सिंह गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय रासेयो इकाई ने विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया




**कैलारस।** दिनांक 31 /05/ 2025 को शासकीय महाविद्यालय कैलारस की रासेयो इकाइ द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। तथा तंबाकू के दुष्परिणाम विषय पर स्वयंसेवकों एवम शिक्षक ने अपने विचार रखें कार्यक्रम के अंत में डॉ शिवचरण ने तंबाकू न सेवन करने की सभी एनएसएस रासेयो को सपथ दिलाई कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर मैं यह शपथ लेता हूं कि मैं कभी भी धूमपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करूंगा एवं अपनी परिजनों या परिचितों को भी धूमपान व अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा मैं अपने कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखूंगा और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा तथा कार्यक्रम अधिकारी श्री मति रुचि गुप्ता ने भी सभी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों से कहा कि अपने आसपास के व्यक्तियों को भी प्रोत्साहित करेंगे कि समाज को तंबाकू मुक्त बनाने में अपना योगदान देंगे इस कार्यक्रम में डॉ राजीव शर्मा, डॉ प्रवीण लिटोरिया डॉ रामेंद्र सिंह परमार, डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, डॉ ममता सोनी, सुश्री प्रियंका साहू, श्री टलेंद्रे निगम, आशु शुक्ला, अमित शर्मा, यशवंत राठौर और स्वयंसेवी मैं काजल,काजल,अंकिता,अंजलि,आकाश, राखी,संजना,हिमांशी,मोनिका और सभी स्वयंसेवी उपस्थित थे, नाश्ता के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सक्षम फाउंडेशन ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर शपथ ग्रहण का आयोजन



**अम्बाह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की सहयोगी लीड नवाकुर संस्था सक्षम फाउंडेशन द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम बड़फरा की ग्राम विकास प्रश्नफुटन समिति की मासिक बैठक का आयोजन कर नशा के कुप्रभावो पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया जिसमें शराब गुटका तम्बाकू बीड़ी सिगरेट अफीम भाँग गाझा चरस इत्यादि मादक पदार्थो का जीवन में सेवन नहीं करुगा और अपने मित्र साथी रिश्तेदारो को भी करता हुआ देखूगा तो उनसे भी अनुरोध करुगा की नशा बहुत ही घातक होता हैं इससे आपको बचने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि आप वर्तमान में देख रहे हैं कि कैंसर, श्वास रोग टी वी आदि रोगों का महत्वपूर्ण कारण नशा हैं नशा करने वाले का तो जीवन खराब होता ही हैं उस के साथ साथ उसका परिवार भी बहुत कष्ट मय जीवन जीने के लिए मजबूर होता हैं अत नशा से जितना हो सके दुरी बनाए रखें यह मेरा विशेष आग्रह हैं यदि वो मेरी बात नहीं मानते तो मैं उनसे सम्बन्ध नहीं रखुगा ऐसा में ईश्वर को साक्षी मानकर शपथ ग्रहण करता हूं इसके साथ ही लोक माता देवी अहिल्या बाई का जन्मदिन मनाया गया।

# ग्राम पंचायत ऐसा मे सीमांकन कर रोड निर्माण कार्य कराने ग्रामीणों ने माग की

**संवादाता लक्ष्मी नारायण**



**अम्बाह।** ग्राम शिकारी का पूरा पंचायत ऐसा में स्थित शासकीय आम रास्ता ग्राम पंचायत ऐसा के द्वारा शासकीय आम रास्ता का सीमांकन नहीं कराया जा रहा है जिससे बजरंगबली मंदिर से लेकर नत्थी सिंह तोमर के मकान तक आरसीसी निर्माण कर स्वीकृत है फिर भी ग्राम पंचायत सचिव के द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उनके द्वारा कहा जाता है शासकीय आम रास्ता में गड्ढे हैं उसी में सीसी निर्माण कार्य कराऊंगा ग्रामीणों के द्वारा कहा गया रास्ता में गड्ढे हैं इसके द्वारा भराव करके उसका सीमांकन भी कराया जाए यह बात सचिव ने सुनी सचिव ने कहा आप सभी लोग मिलकर मिटटी डलवा लो तभी निर्माण कराऊंगा नहीं तो उसे पंचायत के में दूसरे गांव में निर्माण कार्य कर देगा मेरे द्वारा तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अंबाह को आवेदन 15 तारीख को दिया परंतु उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई फिर मेरे द्वारा 23 तारीख को एसडीम को आवेदन दिया फिरभी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई अधिकारी और ग्राम पंचायत सचिव की मिली भगत से सीसी निर्माण कार्य एवं सीमांकन नहीं कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीसे ने शासनप्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत की रोड का सीमांकन का निमार्ण कार्य कराया जाय।

# पत्रकारों ने पक्षियों के लिए वृक्षों पर टांगे पानी से भरे सकोरे

**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**



**बीरपुर।** वीरपुर में समाजसेवी एवं पत्रकार साथियों ने गर्मी में प्यास बुझाने के लिए पक्षियों की चिंता करते हुए वृक्षों पर पानी से भरे संकोरे टांगे।वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी गिर्राज गर्ग ने कहाकि पक्षियों की चिंता कोई नहीं करता। इसी बात पर एक हफ्ते से सभी लोग मिलकर पक्षियों के लिए जगह-जगह वृक्षों के नीचे पानी पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। अपनी ही सहयोग से लगभग सैकड़ो जगह इन लोगों ने पक्षियों के लिए दाने की और पानी की दोनों व्यवस्था की है।इस नेक काम मे नरेश बंसल पत्रकार संतोष गुप्ता पत्रकार सुभाष बंसल योगेश मरैया सतीश बंसल गिर्राज गर्ग समाजसेवी सहयोग कर रहे हैं।

# नशा निषेध दिवस पर ब्रह्माकुमारी केंद्र ने निकाली जागरूकता रैली



**विजयपुर।** जिला प्रशासन सामाजिक न्याय श्योपुर के तत्वाधान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सहयोग से विजयपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरूकता फैलाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभारी शशि बहन ने बताया कि विजयपुर शहर के गांधी चौक, प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर नशा निषेध दिवस के जागरूकता बैनर लगाए गए। गांधी चौक से अस्पताल चौराहे तक ब्रह्माकुमारी की मेडिकल विंग टीम के सदस्यों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसके पश्चात अस्पताल चौराहे पर नशा मुक्ति चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश शर्मा, रामदयाल भाई, ममता बहन, श्रीनिवास भाई, रामदेवी बहन, पूरन रजक सहित कई ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शनी और रैली के माध्यम से लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। यह आयोजन नशा मुक्ति की दिशा में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आदिवासी समुदाय ने लिया नशा न करने का संकल्प

**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**



**बीरपुर/विजयपुर।** धरती संस्था द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से पोषण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन विजयपुर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अगरा में किया गया ।

जिसमें परियोजना समन्वयक हरिमोहन जाटव कलस्टर कोऑर्डिनेटर अवनीश सिंह, सीताराम शर्मा, राकेश जाटव, रामदीन आदिवासी एवं आदिवासी समुदाय के महिला और पुरुषों की भागीदारी रहीं। राकेश जाटव द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि आदिवासी समुदाय नशें के प्रति जागरूक नहीं हैं जिससें उनकी स्वस्थ जीवनशैली पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा हैं। आदिवासी युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों द्वारा नशा न करने पर जोर दिया। सीताराम शर्मा द्वारा उपस्थित समुदाय के लोगों को तंबाकू और नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ दिलाई। गांव के प्रभु आदिवासी द्वारा बताया कि ÷हमारा समुदाय प्रकृति के साथ जीता है, और तंबाकू जैसी चीजें न केवल हमारी सेहत को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण को भी प्रभावित करती हैं।

आज हमने संकल्प लिया है कि हम नशे से दूर रहेंगे और अपनी आने वाली पीढ़ियों को इसके खतरों से बचाएंगे।÷ अवनीश सिंह ने बताया कि तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियां, जैसे कैंसर, हृदय रोग, और श्वसन संबंधी समस्याएं, आदिवासी समुदायों में भी बढ़ रही हैं। तंबाकू की खेती और सिगरेट के कचरे से खेत एवं जंगल नष्ट होते हैं, जो आदिवासी समुदायों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि उनकी आजीविका और संस्कृति प्रकृति से गहराई से जुड़ी हैं। हरिमोहन जाटव विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2025 के इस आयोजन ने न केवल आदिवासी समुदायों में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि यह भी दर्शाया कि सामुदायिक एकजुटता और सही जानकारी के साथ नशे के खिलाफ लड़ाई को और मजबूत किया जा सकता है। रामदीन आदिवासी द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रिन्यू सोलर कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड्स 7 जून से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**(चम्बलसुर्खी संवाददाता)**



**विजयपुर।** विजयपुर क्षेत्र के ग्राम लाडपुरा हुल्लपुर स्थित रिन्यू सोलर एनर्जी प्लांट में वर्षों से कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड्स ने कंपनी प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए विरोध दर्ज कराया है। गार्ड्स का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना या कारण के उन्हें एक-एक कर हटाया जा रहा है, जिससे वे बेरोजगारी की कगार पर पहुँच गए हैं। गार्ड्स ने एसडीएम विजयपुर श्री अभिषेक मिश्रा और एसडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि उनकी सेवाओं को सुरक्षित किया जाए और कंपनी को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए जाएं। गार्ड्स ने बताया कि वे वर्ष 2013 से लेकर 2015 तक विभिन्न चरणों में नियुक्त किए गए थे और तब से लगातार सेवाएं दे रहे हैं। पहले जहां करीब 120 गार्ड्स तैनात थे, अब यह संख्या घटकर 43 रह गई है। जबकि प्लांट की 49 मेगावाट की क्षमता को देखते हुए सुरक्षा मानकों के अनुसार कम से कम 49 से 50 गार्ड्स की आवश्यकता है। गार्ड्स की प्रमुख मांगें सिक्योरिटी गार्ड्स की संख्या को परिसर क्षेत्र और क्षमता के अनुसार बढ़ाया जाए। नियमानुसार वेतन में वार्षिक वृद्धि सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में कार्यरत किसी भी गार्ड को बगैर कारण न हटाया जाए। कंपनी द्वारा नियमों के उल्लंघन की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। 11 माह का लंबित एरियर व अन्य लाभों का भुगतान किया जाए। गार्ड्स ने चेतावनी दी है कि यदि 6 जून तक उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई, तो वे 7 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

# मर्ग जांच पर से मामले दर्ज

**मुरैना,कांस।** जिले के केलारस एवं माता बसैया थाना क्षेत्रो में सडक हादसे में दो लोगो की मौत के मामलो में पुलिस ने मर्ग जांच पर से वाहन चालको के खिलाफ मामले दर्ज किए है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कैलारस थाना क्षेत्र के ग्राम कुटरावली के पास एमएस रोड पर जा रहे आकाश प्रजापति जा रहा था कि उसी दौरान बुलैरो क्रमांक एमपी06 जीए 1918 के चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए राहगीर को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग जांच पर से आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार माता बसैया थाना क्षेत्र में सडक हादसे में रामप्रसाद पुत्र किशनलाल उम्र 70 साल निवासी शांति नगर खेडा मेवदा की मौत पर बाइक क्रमांक आरजे 11 एसटी 2036 के चालक प्रमोद के खिलाफ मर्ग जांच पर से मामला दर्ज किया है।

# अलग-अलग सडक हादसे में दो की मौत

**मुरैना।** जिले के देवगढ एवं पोरसा थाना क्षेत्रों में अलग-अलग सडक हादसो में दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवगढ थाना क्षेत्र के गुढा चम्बल नहर की पुलिया के पास जा रहे मुन्ना पुत्र रामदयाल उम्र 50 साल निवासी महंचन्द्रपुर थाना सराय छौला को किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। इसी प्रकार पोरसा थाना क्षेत्र में के बाबू का पुरा चक्र लुखिरियाई निवासी दर्शनलाल सखवार पुत्र कुन्दन लाल सखवार उम्र 63 साल सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जेके अस्पताल बसंत बिहार ग्वालियर में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय, मुरैना (म.प्र.)

क्रमांक/स्टोर/टेण्डर/3/2025–26/200 मुरैना दिनांक 26/05/2025

ई–निविदा (तृतीय आमंत्रण) सूचना

संस्था स्टोर हेतु अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए अम्बेडकर योजना अन्तर्गत निःशुल्क स्टेश्नरी एवं ड्राइंग सामग्री वितरण हेतु लगभग 15 लाख रूपये की स्टेश्नरी एवं ड्राइंग सामग्री के क्रय के लिये निविदादाताओं से म.प्र. शासन के पोर्टल *https://www.mptenders.gov.in* पर ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।


निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 28 मई 2025 प्रातः 11:00 बजे से 11 जून 2025 दोपहर 03:00 बजे तक ऑनलाईन निर्धारित राशि रू. 1500/– एवं सर्विस चार्ज जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। ऑनलाईन निविदा दिनांक 11 जून 2025 दोपहर 03:00 बजे तक भरी जा सकती है। निविदा की हार्डकॉपी चाहे गये समस्त दस्तावेजों एवं निर्धारित धरोहर राशि रू. 30,000/– *mptender* के ऑनलाइन मोड से जो कि प्राचार्य शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय मुरैना के नाम तथा मुरैना में देय के साथ दिनांक 11 जून 2025 शाम 05:00 बजे तक तक संस्था में जमा की जा सकेगी एवं निविदा दिनांक 13 जून 2025 प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी।

प्राचार्य
शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय
मुरैना (म.प्र.)

G-13630/25

# अम्बाह पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने वाले दस हजार के ईनामी को गिरफ्तार किया

**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक मुरैना, श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा ईनामी / फरारी बदमाशों एवं स्थायी-गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना, श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह श्री रवि प्रकाश भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा हर्ष फायरिंग एवं गैर इरादतन हत्या संबंधी प्रकरण में फरार चल रहे 10 हजार रूपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया । दिनांक 31.05.2025 को निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी अम्बाह को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना अम्बाह के अपराध क्रमांक 05/22 धारा 304,308 भादवि में लगभग 03 वर्षो से फरार चल रहे ?10,000/- के ईनामी आरोपी अनिल उर्फ पिंटू राजौरिया को ग्राम रोरियापुरा के आस-पास घूमता हुआ देखा गया है, मुखबिर की उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी अम्बाह एवं हमराह फोर्स द्वारा ग्राम रोरियापुरा में दबिश देकर उक्त ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर की रायफल जब्त की गई एवं आरोपी को जेल दाखिल किया गया।





# सोनेराम बाबूजी की भाभी का दुःखद निधन

**मुरैना,कांस।** नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सोनेराम बाबूजी की भाभी रामदुलारी यादव पत्नी स्व. श्री देवीराम यादव का 83 साल की उम्र में दुखद निधन हो गया, वे कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रही थी, तथा घर पर ही उनका उपचार चल रहा था। वे अपने पीछे 6 पुत्र राकेश यादव पार्षद,कृष्णा, मुकेश, ब्रजेश, कुलदीप, श्याम सहित भरा पूरा परिवार छोड गई है। उनका अंतिम संस्कार बडोखर मुक्तिधाम पर हुआ जहॉ उन्हें मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र राकेश यादव द्वारा दी गई। उनकी शव यात्रा में शहर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी,अधिकारी, कर्मचारी सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे जिन्होने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# 'नशा नाश की जड़ है'

## जिला मुख्यालय पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया

**मुरैना,कांस।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शनिवार को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुरैना द्वारा शासकीय उत्कृष्ठ उ. हायर स्कूल क्रमांक 1 मुरैना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में डिप्टी कलेक्टर एवं सामाजिक न्याय विभाग की प्रभारी उप संचालक श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोगो को तबाकू और मादक पदार्थ से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। नशे से दूर रहने के लिए उपाय बताए गए और शपथ भी दिलाई गई। शासकीय कला पथक दल मुरैना द्वारा प्रस्तुत दी गयी। कार्यक्रम में मुरैना तहसीलदार श्री सीताराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा तन, मन, धन तीनों की हानि पहुंचाता है। उत्कृष्ट विद्यालय के डॉ. राकेश शर्मा द्वारा नशे पर सार गर्वित सम्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रिंसिपल श्री अजय सिंह तोमर, श्री प्रदीप शर्मा, श्रीमती कविता सारस्वत एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया दतिया एयरपोर्ट का उद्घाटन

## केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री नायडू की उपस्थिति में हुआ दतिया एयरपोर्ट का शुभारंभ




**भोपाल,ब्यूरो।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भोपाल में हुए महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन के दौरान दतिया विमानतल का वर्चुअली उद्घाटन किया। दतिया में स्थानीय स्तर पर हुए कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उडडयन मंत्री श्री राममोहन नायडू ने दतियावासियों को एयरपोर्ट के लिए बधाई और शुभकामनाऐं दी। उन्होंने कहा कि यह दतियावासियों के लिए उमंग और उत्साह का दिन है। मैं धार्मिक नगरी की पावन धरा पर पहुँचकर शांति एवं सकरात्मकता का अनुभव कर रहा हूॅ। लोकमाता देवी अहिल्याबाई की जयंती का यह दिन महिला शक्ति को समर्पित है। मातृशक्ति को सम्मान देने एवं नए अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कृत-संकल्पित है। केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू शनिवार को दतिया में आयोजित एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू ने कहा कि दतिया एयरापोर्ट का और भी विस्तार भविष्य में किया जाएगा। इसके साथ ही भिण्ड में भी एयरपोर्ट की सुविधा भविष्य में निश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयर बस जैसी सुविधा, नाइट लेंडिंग कराने की व्यवस्था, एवं बडे प्लेन के उतरने की भी व्यवस्था की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री श्री नायडू ने युवाओं को सिविल एविऐशन क्षेत्र में जुड़ने का अनुरोध किया।

**दतिया में आज का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास और दतिया जिले के प्रभारी मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि दतिया के लिए यह दिन दीपावली से कम नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज बुंदेलखण्ड क्षेत्र में दतियावासियों को एयरपोर्ट की सौगात मिली है। इसका श्रेय पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र को जाता है। यह बात आज प्रभारी मंत्री कंषाना ने दतिया एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह के बाद संबोधित करते हुए कही।

पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से दतिया हवाई यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इसी के साथ दतिया से सात महिलाओं ने खजुराहों के लिए उड़ान भरी और महिला शक्ति का नेतृत्व किया। 60 करोड़ की लागत से बना यह एयरपोर्ट 124 एकड़ में फैला हुआ है। जिसका रनवे 1.81 किलोमीटर लंबा एवं 30 मीटर चौड़ा है। पार्किंग में लगभग 50 कारें रखी जा सकती है। चैक इन काउन्टर 2 है। यह एयरपोर्ट एटीआर 72 की क्षमता के लिए बनाया गया है। वर्तमान में दतिया एयरपोर्ट में जो एयरक्राप्ट उतरेंगे वे 19 सीटर रहेंगे। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय मंत्री श्री राकेश शुक्ला, विधायक सर्वश्री प्रदीप अग्रवाल, रमेश खटीक, नरेन्द्र कुशवाहा, अम्बरीश शर्मा और स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 'फुटबॉल खिलाड़ी' फुटबॉल नेशनल प्रतियोगिता में मुरैना का नाम कुमारी रिंकी लखेरा व रुर्दप्रताप सिंह ने रोशन किया

## कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने दोनों खिलाड़ियों का किया सम्मान



**मुरैना,कांस।** राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों में कुमारी रिंकी लखेरा एवं रुद्र प्रताप सिंह तोमर ने मुरैना का नाम देश में रोशन किया है। ये हाल ही में बिहार,असम और महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल प्रतियोगिताओं में चम्बल संभाग का प्रतिनिधित्व कर चुके है। फुटबॉल कोच श्री रामचंद्र सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया बालिका वर्ग नागर हवेली दमन दीप व जूनियर बालक वर्ग महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मुरैना जिले से रिंकी लखेरा एवं रुद्र प्रताप सिंह तोमर का सिलेक्शन हुआ था। जूनियर बालक फुटबॉल में मध्यप्रदेश टीम सेमीफाइनल मुकाबले तक खेली। बालिका वर्ग में मध्यप्रदेश टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। रिंकी लखेरा मध्यप्रदेश टीम की बहुत शानदार गोलकीपर रही, वहीं जूनियर बालक फुटबॉल खिलाड़ी रुद्र प्रताप सिंह तोमर महज़ 13 वर्ष की उम्र में ही इस वर्ष तीन नेशनल प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकें हैं। मुरैना पहुंचने पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री मोनिका माहोर और कोच श्री रामचंद्र सिंह तोमर ने खिलाड़ियों का फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर बृजकांत परमार, अजय, सूर्य प्रताप सिंह एवं तमाम खेल प्रेमी मौजूद थे।

# शोषित वर्ग के हितों का रक्षक व परिवर्तन का वाहक है मीडिया, समाज एवं सरकारों का मार्गदर्शन करता है



**मुरैना,कांस।** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हिंदी पत्रकारिता और समाज विषय पर विचारमंथन परिचर्चा का आयोजन किया गया। बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के तत्वाधान में लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में मीडिया की भूमिका पर शिक्षक व छात्रों एवं प्रबुद्धजनों के साथ परिचर्चा हुई। इस अवसर पर विषय उद्घाटन करते हुए बिमिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि स्वतंत्र व निष्पक्ष पत्रकारिता समाज के वंचित और शोषित वर्गों के हितों का रक्षक होती है। स्वतंत्रता संग्राम के समय हिंदी पत्रकारिता ने जनजागरण और स्वतंत्रता की चेतना फैलाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। लोकमान्य तिलक, गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबूराव विष्णु पराड़कर जैसे पत्रकारों ने पत्रकारिता को मिशन बनाया। आज भी हिंदी पत्रकारिता समाज की आवाज़ बनने का कार्य कर रही है। चाहे वह भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ हो, किसानों की समस्याएं हों या किसी गरीब की व्यथा हिंदी मीडिया आज भी जमीनी हकीकत को सामने लाने का प्रयास करता है। हिंदी पत्रकारिता तकनीकी रूप से समृद्ध हो चुकी है। प्रिंट मीडिया से लेकर डिजिटल, यूट्यूब चैनल्स, ब्लॉग्स और सोशल मीडिया तक हिंदी की पहुंच बहुत तेज़ी से बढ़ी है। हिंदी पत्रकारिता को समाज के प्रेरक की भूमिका में भी उपस्थित होना चाहिए। जिससे समाज एवं सरकारों को प्रेरणा व मार्गदर्शन प्राप्त हो। कोई भी समाज, सरकार, वर्ग या समूह व्यक्ति मीडिया की उपेक्षा कर आगे नहीं बढ़ सकता। हिंदी पत्रकारिता और प्रिंट मीडिया की खासियत इसकी विश्वसनीयता है। इसमें जो समाचार प्रकाशित हो रहा है वह सही है, ऐसी भारतीयों की सोच है। हर लोकतंत्र में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिये मीडिया को चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। वर्तमान समय में मीडिया की उपयोगिता, महत्त्व एवं भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। आजकल सफलता की कहानियां अधिक पढ़ी जाती हैं। शिक्षकों की सफलता की कहानी विभिन्न स्तरों से मीडिया में जाएं तो एक अच्छा समाचार बन सकता है। इसी उद्देश्य के अनुसार शिक्षा व सामाजिक बदलाव से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कर समाचार विभिन्न माध्यमों में भेजने चाहिए।

# शहर को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये बनाएं विस्तृत कार्ययोजना : सांसद श्री कुशवाह




**ग्वालियर,नसं.।** ग्वालियर शहर को हरा-भरा बनाने एवं प्रदूषण मुक्त शहर बनाने के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिये केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार से यथासंभव सहयोग मिले, इसके लिये सार्थक प्रयास किए जायेंगे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने शनिवार को मिशन लाइफ के तहत समीक्षा बैठक में यह बात कही। ग्वालियर को प्रदूषण मुक्त बनाने और हरा-भरा बनाने के लिये आयोजित इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री विजय राज सहित निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने समीक्षा के दौरान कहा कि ग्वालियर में स्थित सभी उद्यानों को विकसित करने के उद्देश्य से चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। योजना के तहत उद्यानों में हरियाली के साथ-साथ बच्चों के लिये झूले और ओपन जिम एवं वॉकिंग ट्रैक को भी शामिल किया जाए।

प्रथम चरण में बड़े पार्कों को योजना में शामिल कर उन्हें विकसित करने का कार्य किया जाए। इसके लिये शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ सांसद निधि से भी धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शहर के विधायकगणों से भी शहर की हरियाली और प्रदूषण निवारण के लिये उनकी निधि से धनराशि देने का आग्रह किया जाए। क्षेत्रीय सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये खुले स्थानों को हरा-भरा करने और धूल मुक्त बनाने के लिये सीमेंट कंक्रीट सड़कों को प्राथमिकता देते हुए एक विस्तृत प्लान तैयार किया जाए, जिसके आधार पर केन्द्र सरकार के पर्यावरण विभाग से भी धनराशि उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा है कि शहर में जिन स्थानों पर अधिक प्रदूषण रहता है उन स्थानों को प्राथमिकता देते हुए सुधार के कार्य हाथ में लिए जाएं। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गों और डिवाइडरों पर भी हरियाली हो ताकि प्रदूषण कम हो सके। सांसद श्री कुशवाह ने समीक्षा के दौरान कहा कि शहर के जितने भी पार्क हैं उनमें कार्य करने वाले मालियों का प्रशिक्षण भी अनिवार्यत~ कराया जाए ताकि प्रशिक्षित माली उद्यानों के विकास में अपनी कुशलता के अनुसार कार्य कर सकें। इसके साथ ही कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित कर सकें। उन्होंने वर्षाकाल में अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिये कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने की बात भी कही। जिन चिन्हित स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाना है उन स्थानों पर वृक्षारोपण के लिये गड्ढे करने का कार्य भी शीघ्र कर लिया जाए ताकि बरसात के दौरान वृक्षारोपण हो सके। वृक्षारोपण के लिये पौधों का चयन भी सावधानी पूर्वक किया जाए ताकि रोपित पौधे सुरक्षित रह सकें। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बैठक में बताया कि नगर निगम के माध्यम से प्रदूषण नियंत्रण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शहर के प्रमुख मार्गों के सभी डिवाइडरों को हरा-भरा करने के लिये कार्ययोजना तैयार कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही बरसात के दौरान वृहद वृक्षारोपण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। शहर के प्रमुख उद्यानों में निरंतर सुधार के कार्य को भी हाथ में लिया गया है।

**सांसद श्री कुशवाह ने किया अटल स्मारक का निरीक्षण**

सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर में निर्मित अटल स्मारक का भी निरीक्षण किया। अटल स्मारक के निर्माण कार्य में लगी एजेंसी के अधिकारियों को उन्होंने कहा है कि निर्माण कार्य समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। निर्माण कार्य निरंतर किया जा रहा है।

# विशेष सचिव पंचायतीराज उत्तर प्रदेश श्री राजेश कुमार त्यागी ने आकांक्षी ब्लॉक गंगीरी में किया गया वृहद भ्रमण एवं निरीक्षण

## ग्राम धनसारी में पंचायत भवन, उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय, जल जीवन मिशन, कूड़ा से कंचन केंद्र पर देखीं व्यवस्थाएं, विकासखण्ड कार्यालय एवं सीएचसी छर्रा का किया निरीक्षण




**अलीगढ़।** विशेष सचिव पंचायतीराज उत्तर प्रदेश श्री राजेश कुमार त्यागी द्वारा आकांक्षी ब्लॉक गंगीरी के विस्तृत भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम धनसारी में पंचायत भवन, उच्च प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय, जल जीवन मिशन, कूड़ा से कंचन केंद्र, विकास खण्ड कार्यालय एवं सीएचसी छर्रा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विशेष ने इसके साथ ही सायंकाल में ग्राम सिंहावली में भी चौपाल लगाकर उपस्थितजनों से शासकीय योजनाओं का फीडबैक लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने वृहद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष सचिव ने ग्राम धनसारी के पंचायत भवन में चौपाल लगाकर योजनावार समीक्षाकर लाभार्थियों से फीडबैक लिया और उनकी समस्याओं को सुन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने बीसी सखी, बैंक सखी, स्वयं सहायता समूह एवं एफपीओ संचालक और ग्रामीणजनों से शासकीय योजनाओं समेत विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, जलापूर्ति, आंगनबाड़ी केंद्र, राशन वितरण एवं अन्य योजनाओं एवं हुए समूह की सालाना आय एवं लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की। पंचायत सहायक उमा से ग्राम वासियों को प्रदत्त की जा रही सुविधाओं के बारे में भी जाना।

**आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण :**

उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में पाया कि केंद्र पर 146 महिलाएं एवं बच्चे पंजीकृत हैं जिनमें 10 गर्भवती एवं 08 धात्री महिलाएं, 06 माह से 03 वर्ष तक के 62 एवं 03 से 06 वर्ष के 66 बच्चे शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया नव-उद्घाटित इंदौर मेट्रो ट्रेन का निरीक्षण

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव-उद्घाटित इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के गांधीनगर स्थित देवी अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन से झलकारी बाई मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की। वह अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन से वापस भी आये। उन्होंने यात्रा के दौरान मेट्रो रेल संचालन कक्ष का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेट्रो रेल संचालन से जुड़े अधिकारियों से तकनीकी और प्रबंधकीय पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। यात्रा के दौरान उन्होंने महिला यात्रियों से भी संवाद किया और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के विषय में प्रतिक्रियाएं और अनुभव जाने।


**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांक-Dy.CE-JHSW-80 — **ई-निविदा सूचना** — दिनांकः 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी.ई.-झाँसी डब्लू-80, **कार्य का नामः** जीएसडी/झांसी-जनरल स्टोर डिपो के पुराने स्क्रैप यार्ड में कूडेदानों का निर्माण। | |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 49,14,181.30 (उनचास लाख चौदह हजार एक सौ इक्यासी रूपये तीस पैसे मात्र) | |
| **अमानत राशि (₹):** ₹ 98,300/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपयेः** कुछ नही |
| **निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 26.06.2025, 15:00 बजे | |
| **स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह | |

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 942/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सं.-JHSW-MNP-25-09 — **ई-टेंडर नोटिस** — दिनांकः 30.05.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

| |
|---|
| **निविदा संख्याः** JHSW-MNP-25-09, **कार्य का नामः** 27 अदद वेल्डिंग मशीन पूरी तरह आईजीबीटी एमएमएडब्ल्यू रेक्टिफायर वेल्डिंग मशीन मेक-टेक्नोलॉजी प्रमोटर्स और 07 अदद वेल्डिंग मशीन एमआईजी/एमएजी वेल्डिंग प्लांट मेक-ईएसएबी का एकमुश्त मरम्मत अनुबंध के साथ-साथ तीन वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 23,58,442.22/- (रूपये तेईस लाख अठावन हजार चार सौ बयालीस एवं बाईस पैसे केवल) |
| **धरोहर राशि (₹):** ₹ 47,200/-(रूपये सैतालिस हजार दो सौ केवल) |
| **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 36 माह |
| **निविदा बंद होने की तिथिः** 21.06.2025 समय 11:00 बजे |

1. निविदा दिनांक **21.06.2025** को **11:00** बजे बन्द होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडर बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलबध है। 2. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर बेवसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 950/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**सार्वजनिक सूचना**

नोटिस अन्तर्गत धारा 20(च) रेल अधिनियम 1989 के तहत राजस्थान राज्य के धौलपुर जिले में धौलपुर-सरमथुरा छोटी लाईन से बडी लाईन में अमान परिवर्तन/निर्माण कार्य हेतु भूमि अवाप्ति की कार्यवाही जिसके अन्तर्गत तहसील सरमथुरा के ग्राम चिलाखुर, आँगई, सलैमपुर पाटी, नूरपुर, पिपरैठ कॉंकरेट, रहरई, सुनकई, बरौली, भिण्डीपुरा, मुगलपुरा, मोठियापुरा, तहसील धौलपुर के चांदपुर, सरेखी का पुरा, तहसील बाडी के राजस्व ग्रामों के छूटे खसरा नम्बर चिलाचौंद, इब्राहिमपुर, तामौटी, धीमरी, धन्नू का पुरा, खुले का पुरा, मौहरी, सिकर्रा आते है एवं जिसकी धारा 20ङ की अधिसूचना का भारत के राजपत्र में प्रकाशन दिनांक 30.04.2025 को हो चुका है एवं उक्त अधिसूचना का समाचार पत्रों में प्रकाशन दिनांक 26.05.2025 को दैनिक भास्कर एवं दैनिक नवज्योति में खसरा नम्बर एवं हितधारी काश्तकार का नाम सहित हो चुका है।

अतः एतद् द्वारा हर आम और खास जो कोई भी भूमि में हित रखता हो या रखते है, वे समस्त व्यक्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में इस प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की दिनांक से 30 दिवस के अन्दर व्यक्तिगत रूप से या विधि व्यवसायी या अधिकृत प्रतिनिधि, के माध्यम से साक्ष्य सहित आपत्ति या दावे एवं पक्ष प्रस्तुत करें। हितधारी स्वयं या विधि व्यवसायी, या आपके प्रतिनिधि द्वारा निर्धारित अवधि में उपस्थित ना होने की दशा में प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर मुआवजे का निर्धारण कर दिया जावेगा। इसके बाद आपका कोई उज्र या आपत्ति समाहित नहीं की जावेगी।

**सक्षम अधिकारी भूमि अवाप्ति**
**उपखण्ड अधिकारी, धौलपुर**

946/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः** ELG-05-M05-2025-26 — **दिनांकः** 28.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वारिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः** मथुरा (225 केएल) और कोसी कलां (225 केएल) और होडल (180 केएल) स्टेशनों पर ओएचटी के प्रतिस्थापन के लिए पाइपलाइन व्यवस्था के साथ विद्युतीकरण कार्य। | |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 08 माह। | **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3985552.85 |

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेंडर्स केवल बेव पोर्टल Indian Railways website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 25.06.2025 तक टेन्डर डाल सकते है। 932/25(A)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्याः** CEN00AGC0725 — **दिनांक :** 29.05.2025

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु दो पैकेट सिस्टम पर ऑन लाइन (E-Tendering) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदायें दिनांक 26.06.2025 को 15.00 बजे तक website https://www.ireps.gov.in. पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| **कार्य का नामः** ईदगाह-अछनेरा सेक्शन के बीच LC संख्या 18 के स्थान पर दो लेन आरओबी का निर्माण और ईदगाह से बयाना सेक्शन के बीच LC संख्या 68 बी (रेलवे भाग) पर आरओबी निर्माण का कार्य। | |
| **अनुमानित लागत ₹ :** ₹ 40.63 **करोड़ (लगभग)** | **धरोहर राशि** (₹): ₹ 21,81,700.00 |
| **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 18 (अठारह)माह | |
| **निविदा खोलने का दिनांक : 26.06.2025** | **वैधता अवधि : 90 दिन** |

पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट website http://www.ireps.gov.in को देखें। 939/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना संख्याः** CEN00AGC0825 — **दिनांकः** 29.05.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) आगरा, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु **दो पैकेट सिस्टम** पर ऑन लाइन (**E-Tendering**) के माध्यम से खुली निविदा आमन्त्रित करते हैं। निविदायें दिनाँक 24.06.2025 को 15.00 बजे तक website **http://www.ireps.gov.in** पर ऑन लाइन जमा की जा सकती है। निविदा के विवरण निम्नानुसार हैः-

| | |
|---|---|
| **कार्य का नामः भाग-A:** DHO-SRMT के CH0.0M से 28600.00 तक के माइनर ब्रिज, RUB अप्रोच, **RUB** के कवर शेड, FOB का विस्तार और अन्य कार्यों का शेष कार्य। **भाग-B:** मथुरा स्टेशन पर OHE/TRD डिपो का निर्माण तथा SSE/Signal/MTJ स्टोर का निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | |
| **अनुमानित लागतः** ₹ 49.97 करोड़ (लगभग) | **धरोहर राशि (रूपये):** ₹ 26,48,800.00 |
| **कार्य पूर्ण होने की अवधिः** 12 माह | **निविदा खोलने का दिनांकः** 24.06.2025 |

**वैधता अवधिः 90 दिन,** पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट website **http://www.ireps.gov.in** को देखें। 940/25(A)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**No. JHS/W/C/LHS/CNB/Misc** — **Date: 31.05.2025**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उरई-सरसौकी स्थित रेलवे सबवे संख्या 183 (रेलवे किमी0 1242/18-20) में रोड रिपेयर का कार्य हेतु दिनांक 01.06.2025 से 10.06.2025 तक अस्थायी तौर पर बंद किया जा रहा है। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में उरई सिटी आने के लिए खुईया रोड राठ आर.ओ.बी. का उपयोग किया जा सकता है।

**वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/मध्य**
**उत्तर मध्य रेल, झाँसी**

954/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954